
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष -12, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 348 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
03 जून 2024 सोमवार

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
44 अधिकतम
31 न्यूनतम


Page- 7

# शेयर बाजार का एक्जिट पोल के नतीजों को तूफानी सलाम!



## जबर्दस्त तेजी के साथ खुला बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी ने लगाया बड़ा जंप

**मुंबई, एजेंसी।**

जैसा कि अनुमान लगाया जा रहा था कि आज ज ब शेयर बाजार खुलेगा तो इस पर दो दिन पहले आए लोकसभा एक्जिट पोल की छाया नजर आएगी। ऐसा ही हुआ भी, आज बाजार ने प्री ओपनिंग में ही बंपर तेजी के संकेत दिये। इसमें निफ्टी में 1000 अंक की उछाल, जबकि सेंसेक्स में 2621 अंकों की तेजी के साथ नजर आया इसके बाद बाजार ओपन होने के साथ ही सेंसेक्स और निफ्टी ने तेजी को जारी रखते हुए नया शिखर छू लिया। सेंसेक्स 2050 अंक उछलकर 76018 के नए शिखर पर पहुंच गया। वहीं निफ्टी ने भी 630 अंकों की छलांग लगाई। कि उम्मीद के मुताबिक ही सेंसेक्स ने 76,738.89 का नया ऑल टाइम हाई लेवल छू लिया और दूसरी ओर निफ्टी भी कदम से कदम मिलाते हुए 23,338.70 का नए शिखर पर पहुंच गया। उल्लेखनीय है कि बीते कारोबारी सप्ताह भले ही शेयर बाजार में भारी उतार चढ़ाव देखने को मिला था लेकिन इसके बावजूद सेंसेक्स और निफ्टी ने अपना नया ऑल टाइम हाई लेवल छू लिया था। शुक्रवार को सेंसेक्स मामूली 76 अंक की उछाल के साथ 73,961.31 के लेवल पर क्लोज हुआ था।

**मोदी ने जिनका जिक्र किया, उन्होंने भरी छलांगः** खास बात यह है कि पीएम नरेंद्र मोदी अक्सर अपने भाषणों और बयानों में पीएसयू कंपनियों के बारे में बात करते नजर आए हैं और खासतौर पर HAL और LIC के प्रॉफिट को आंकड़ों के साथ वे पेश करते दिखे उन्हीं के शेयर को बाजार में तूफानी तेजी मिली। इनमें से कोई 10 फीसदी तक भागा, तो किसी में बाजार खुलने के कुछ ही मिनटों में अपर सर्किट लगा नजर आया।

### अडाणी के शेयर बने रॉकेट

खास बात यह है कि आज रॉकेट बने शेयर बाजार में कारोबार के दौरान अरबपति गौतम अडानी के ग्रुप की लिस्टेड सभी कंपनियों के शेयरों में ताबड़तोड़ तेजी देखने को मिली है। अडानी एंटरप्राइजेज से लेकर अडानी पोर्ट तक सभी शेयर



शानदार बढ़ोतरी के साथ खुले हैं. अडानी ग्रुपप के सभी शेयरों में करीब 15 फीसदी तक की तेजी आई है। हालांकि शेयर बाजार में तूफानी तेजी के बीच बीएसई के सभी 30 शेयरों में जोरदार उछाल देखने को मिला।

### इधर एक्जिट पोल के बाद...

## एनएचआई ने महंगा किया टोल टैक्स



**नई दिल्ली, एजेंसी।**

अब एक्सप्रेसवे का इस्तेमाल करने वाले मोटर चालकों को आज से अधिक भुगतान करना होगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने देशभर में टोल दरों में औसतन पांच फीसदी बढ़ोतरी का फैसला किया है। टोल दरों में हर साल एक अप्रैल को संशोधन होता है। इस बार लोकसभा चुनाव के कारण बढ़ोतरी टाल दी गई थी। एनएचएआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, नई टोल दरें तीन जून से लागू हो गई हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग पर करीब 855 टोल प्लाजा हैं, जिन पर राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क लगाया जाता है। इनमें से 675 सार्वजनिक वित्त पोषित टोल प्लाजा हैं। जबकि 180 रियायतग्राहियों द्वारा संचालित हैं।

## पोर्श कांड का आरोपी बोला नशे में था, कुछ याद नहीं



**पुणे, एजेंसी।**

महाराष्ट्र के पुणे पोर्श कार हादसे में अब नाबालिग आरोपी ने पुलिस की पूछताछ में बताया है कि हादसे के वक्त क्या हुआ, उसे अब कुछ भी याद नहीं, क्योंकि उस समय वह शराब के नशे में धुत्त होकर गाड़ी चला रहा था। उल्लेखनीय है कि इस मामले में नाबालिग के पिता, मां और दादा भी पुलिस हिरासत में हैं। नाबालिग ने पोर्श से टक्कर में दो आईटी प्रोफेशनल्स को कुचल दिया था जिसमें दोनों की मौत हो गई। अमीर बिल्डर की औलाद इस आरोपी को बचाने के लिये उसके परिवार ने हरसंभव तरीके आजमाए थे। इसमें पैसों की धौंस दिखाकर जांच प्रभावित करना, अस्पताल में खून के नमूने बदलवाने जैसे मामले शामिल थे।

### कल लोकसभा चुनाव के परिणाम, नतीजों से ऐन पहले सियासी हलचल तेज

# मोदी से मिले नीतीश, राजनाथ-शाह संग बैठे जेपी, सोनिया बोलीं-इंतजार कीजिए

**नई दिल्ली, भोपाल, दोपहरमेट्रो/एजेंसी**

लोकसभा के चुनाव परिणाम आने में अब 20 घंटे से भी कम का वक्त बाकी है और देशभर में सियासी हलचल बहुत तेज हो गई है। भाजपा परिणामो के अपने पक्ष में आने को लेकर आश्वस्त नजर आ रही है, मगर भीतरी हलचल भी दिख रही है। आज पटना से नई दिल्ली आने के बाद बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने पीएम मोदी से मुलाकात की है। कहा जाता है दोनों नेताओं के बीच अगली सरकार के गठन के संबंध में चर्चा हुई। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निवास पर गृहमंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी पहुंचे। तीनों के बीच चुनाव परिणाम के बाद की प्रक्रिया पर मंथन हुआ। वहीं चुनाव आयोग ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस करने वाला है। वह मतगणना की प्रक्रिया पर जानकारी साझा करेगा। ज्ञात हो कि विपक्ष ने पोस्टल बैलेट की गणना के नतीजे चुनाव के नतीजे से पहले जारी करने की भी मांग की है तथा कुछ आरोप भी लगाए हैं। इसीलिये आयोग भी सामने आया है।



## फैंटेसी पोलः राहुल, पहली बार चुप्पी तोड़ी सोनिया ने

**चुनाव** नतीजों से पहले एग्जिट पोल पर कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा है कि 4 जून को आने वाले नतीजों का इंतजार करना चाहिये। सोनिया ने कहा कि 'बस आप इंतजार करें और देखें।' दरअसल सोनिया दिल्ली में करुणानिधि की जन्म शताब्दी पर उन्हें श्रद्धांजलि देने डीएमके ऑफिस पहुंची थीं। यहां पूछे जाने पर उन्होंने अपना जवाब दिया। इससे पहले राहुल गांधी भी कह चुके हैं कि 'यह एग्जिट पोल नहीं है, यह उनका फैंटेसी पोल है।' इंडिया गठबंधन की सीटों पर राहुल ने कहा, 'क्या आपने सिद्धू मूसेवाला का गाना 295 सुना है?




### हमने चमत्कार किया

आयोग ने कहा कि करीब 64 करोड मतदाताओं ने इस चुनाव में मत दिया इनमें 31 करोड़ महिला है। आयोग ने सभी का आभार मानते हुए कठिन भोगौलिक परिस्थितियों में चुनाव कराने में जुटे अमले की गतिविधियों को भी रेखांकित किया। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीवकुमार ने कहा कि हमने चमत्कार कर दिखाया है, देश के चुनाव एतिहासिक रहे हैं।

### पोस्टल बैलेट पर तकरार छिड़ी

चुनावी नतीजे से पहले एक बार फिर पक्ष और विपक्ष में तकरार तेज हो गई है। ईवीएम पर संदेह जताते आ रहे विपक्षी दलों के नेताओं ने अब पोस्टल बैलेट (डाक मतपत्र) पर चुनाव आयोग के समक्ष पांच मांगें रखी हैं। विपक्ष का कहना है कि वोटों की गिनती के दौरान सभी दिशा-निर्देशों का पालन किया जाए। नतीजे घोषित होने से पहले पोस्टल बैलट के नतीजे घोषित किए जाएं।

## सीएम हाउस का रौब दिखाकर ठेकेदार से अड़ीबाजी में कथित नेता गिरफ्तार

**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

पुलिस ने यहां वेंकटेशनगर क्षेत्र का निवासी एक युवा भाजपा नेता को गिरफ्तार किया है। वह भाजपा के कई कार्यक्रमों में अपना चेहरा और नाम चमकाने शामिल होता रहा है। फिर उसकी हिम्मत इतनी बढ़ी कि उसने ग्वालियर के ठेकेदार को सीएम हाउस का डर दिखाकर टेंडर के एवज में कमीशन की डिमांड कर डाली।



सूत्रों की माने तो ग्वालियर में एक शासकीय विभाग के टेंडर लेने वाले ठेकेदार को युवा नेता अभिमन्यु यादव ने स्वयं को मुख्यमंत्री ऑफिस का अधिकारी बताकर धमकाया और बायोमाइनिंग ऑफ लीगेसी वेस्ट के नगरीय निकायों के टेण्डर न लेने को कहा। उसने यह भी कहा कि यदि वह टेंडर लेता है तो वह भोपाल से भुगतान नहीं होने देगा। उसने फर्म एसआर मैप टेक्नोलॉजी के प्रॉपराइटर रविशंकर श्रीवास्तव को भोपाल बुलाकर धमकी दी और कहा कि अगर टेंडर लेना है तो टेंडर की राशि का 30 प्रतिशत मुझे देनी पड़ेगी। इस पर ठेकेदार ने क्राइम ब्रांच में शिकायत कर दी।

## सुरक्षा अलर्ट पर अहमदाबाद में विमान की आपात लैंडिंग, 193 लोग थे सवार

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

दिल्ली से मुंबई जा रहे अकासा एयर के एक विमान की आज आपात लैंडिंग करानी पडी़। अकासा एयर के प्रवक्ता ने बताया है कि 3 जून, को दिल्ली से मुंबई के लिए उड़ान भरने वाली एयरलाइन की फ्लाइट क्यूपी 1719 के बोर्ड को एक सुरक्षा अलर्ट मिला। विमान में 186 यात्री, 1 शिशु और चालक दल के छह सदस्य समेत कुल 193 लोग सवार थे।एयरलाइन के अनुसार इसके बाद निर्धारित सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन करते हुए विमान को अहमदाबाद की ओर मोड़ दिया गया। कैप्टन ने सभी आवश्यक आपातकालीन प्रक्रियाओं का पालन किया और 10=13 बजे सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से उतर गए। सभी यात्रियों को विमान से उतार दिया गया। अकासा एयर विमान की लैंडिंग के बाद सभी सेफ्टी और सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन और समर्थन कर रहा है।



**मेट्रो एंकर**

### सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर, नियमों में बदलाव की मांग....

# गर्मी का गजब...वकीलों ने काले कोट से मांगी राहत

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

भीषण गर्मी से इस वक्त हर व्यक्ति परेशान हैं। अब सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर कहा गया है कि गर्मी के मौसम में वकीलों के लिए काले कोट और गाउन की अनिवार्यता में छूट होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल कर एडवोकेट एक्ट 1961 के नियम में बदलाव की मांग की गई है। वकीलों के ड्रेस कोड को लेकर नियम तय है और इसी कारण उन्हें काले कोट, गाउन आदि पहनने होते हैं। याचिका में यह भी कहा गया है कि एक कमिटी का गठन होना चाहिए और कमिटी में मेडिकल एक्सपर्ट हों और इस बात का परीक्षण किया जाए कि गर्मियों में कैसे कपड़े वकील पहनें ताकि उनके काम काज और हेल्थ पर विपरीत असर ना हो।

खबरों के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट में एडवोकेट शैलेंद्रमणि त्रिपाठी ने कहा है कि परंपरागत ड्रेस में छूट दी जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका में कहा गया है कि देश भर के राज्यों में स्थित बार काउंसिल को निर्देश दिया जाए कि वह बताएं कि उनके राज्य में गर्मी कब होती है ताकि उन महीनों में काले कोट और गाउन से छूट दी जा सके। याचिकाकर्ता ने कहा काला रंग गर्मी को सोखता है और इस रंग के कपड़ों के कारण वकीलों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि यह सेफ वर्किंग कंडिशन में काम करने के अधिकार का हनन है।



## नौतपा के बाद भी तपन

**नौतपा** भले ही समाप्त हो गया हो लेकिन इसके बाद भी कई राज्यों को तपन से राहत के जल्द आसार नहीं हैं। पंजाब और हरियाणा समेत उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत के 12 राज्यों में लू की स्थिति जारी रहने की संभावना है। तीन दिन बाद गर्मी मं कुछ कमी आएगी। भारत मौसम विज्ञान विभाग का कहना है कि हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, जम्मू संभाग, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में कुछ जगहों पर सोमवार को भी लू चल सकती है।

इधर मप्र में पृथ्वीपुर व आसपास का इलाका जर्बदस्त तप रहा है। यहां तापमान 46 डिग्री पर पहुंच रहा है। हालांकि आज अठारह जिले में शाम तक आंधी और हल्की बूंदाबांदी का अनुमान लगाया गया है।



गौरतलब है कि कल पीएम नरेंद्र मोदी ने उच्चस्तरीय बैठक में गर्मी की स्थिति और मानसून से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की थी। देश के अधिकतर भागों में मानसून के सामान्य और सामान्य से ऊपर रहने का अनुमान है।

## अब प्रज्जवल का पोटेंसी टेस्ट कराएगी पुलिस



**बेंगलुरू, एजेंसी।**

जनता दल सेकुलर के सांसद प्रज्वल रेवन्ना का पुलिस पोटेंसी टेस्ट करा सकती है। उन्हें जर्मनी से लौटते ही उन्हें स्पेशल इनवेस्टिगेशन टीम ने हिरासत में ले लिया था। ये टीम प्रज्वल पर लगे यौन उत्पीड़न मामलों की जांच कर रही है। माना जा रहा है कि इस दौरान निलंबित सांसद का पोटेंसी टेस्ट होगा। रेप के दोषी आसाराम का भी ये टेस्ट हुआ था, जब उसने उम्र का हवाला देते हुए खुद को नपुंसक बताया था। इस टेस्ट में देखा जाता है कि कोई पुरुष सामान्य हालातों में यौन संबंधों के लिए शारीरिक तौर पर कितना तैयार रहता है. यह एक तरह की मेडिकल जांच है, जो तलाक, पैटरनिटी के मामलों में सबूत के तौर पर दिखाई जाती है।



## पानी के ऊपर उड़कर ठंडक की तलाश...

*भोपाल। नौतपा खत्म हो गया है लेकिन गर्मी के तेवर और तीखे अहसास बाकी हैं। राजधानी में तापमान में मामूली गिरावट आई है लेकिन तपिश कम नहीं हुई। आज भी सुबह 10 बजे ही पारा 34 पार कर रहा था। हालांकि शाम को बड़ी झील के किनारे थोडा सा सुकून नजर आया। यहां परिंदें भी पानी पर मंडराते रहे, शायद दिनभर की तपिश के बाद पानी के ऊपर उड़कर ठंडक की तलाश कर रहे थे।* फोटो निर्मल व्यास

# बीयू और एम्स के बीच हुआ एमओयू, छात्रों को मिलेगी शोध कार्य में मदद



### एम्स में आयोजित कार्यक्रम में कुलगुरु और कार्यपालक निदेशक ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए काम की खबर है। अब बीयू और एम्स के विद्यार्थियों को शोध कार्य में मदद मिलेगी। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान और बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हुए हैं। इसके लिए आयोजित कार्यक्रम में बीयू के कुलगुरु प्रोफेसर एस.के. जैन एवं अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की ओर से कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ) अजय सिंह ने बीयू कुलसचिव डॉ.आई. के. मंसूरी एवं अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के उपनिदेशक कर्नल डॉ. अजीत कुमार की मौजूदगी में एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस एमओयू के तहत जीव विज्ञान, समाज विज्ञान, फार्मेसी एवं अन्य विषयों में शोध कार्य के लिए दोनों ही संस्थाओं के छात्रों को सहयोग एवं सुविधाएं मिलेगी। साथ ही दोनों संस्थाएं सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भी एक दूसरे को सहयोग प्रदान करेंगे। इस कार्यक्रम में प्रो. रागिनी गोथलवाल विभागाध्यक्ष बायोटेक्नोलॉजी एवं फार्मेसी विभाग, प्रो. रुचि घोष विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र विभाग एवं एम.ओ.यू समन्वयक डॉ. रूपाली शेवलकर मौजूद थे। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की ओर से एमओयू समन्वयक रश्मित चौधरी प्राध्यापक जैव रसायन विभाग एवं अन्य विभागों से प्राध्यापक एवं छात्र उपस्थित हुए।

### बीमा कंपनी ने क्षतिपूर्ति देने से किया इंकार, अब देने होगा 1.65 लाख हर्जाना

# 11 साल की लंबी कानूनी लड़ाई के बाद उपभोक्ता को मिली राहत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

चार पहिया वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने पर बीमा कंपनी द्वारा क्षतिपूर्ति देने से इंकार करने पर 11 साल लंबी कानूनी लड़ाई के बाद उपभोक्ता को राज्य उपभोक्ता आयोग से राहत मिली है। मामले में उपभोक्ता आयोग ने जिला उपभोक्ता आयोग के निर्णय को सही ठहराते हुए बीमा कंपनी को क्षतिपूर्ति देने के निर्देश दिए है। आयोग ने क्षति राशि 1.49 लाख रुपये में से नो क्लेम बोनस की राशि काटकर 1.12 लाख रुपये आठ प्रतिशत ब्याज के साथ सेवा में कमी के मद में 50 हजार रुपये सहित तीन हजार रुपये वाद व्यय के रूप में देने के आदेश दिए हैं। यह फैसला राज्य उपभोक्ता आयोग में अपील की जहां कार्यवाहक अध्यक्ष एके तिवारी व सदस्य डा. श्रीकांत पांडेय की बेंच ने सुनाया है।



### यह है पूरा मामला

दअरसल, सागर निवासी संजय कुमार श्रीवास्तव ने अपनी एसयूवी का बीमा नेशनल इंश्योरेंस कंपनी से कराया था जो दिसंबर 2012 से दिसंबर 2013 तक था। अप्रैल 2013 में एसयूवी दुर्घटनाग्रस्त हो गई, लेकिन बीमा कंपनी ने एफआईआर नहीं कराने और कंपनी को जल्द सूचना न देने की बात कहते हुए क्लेम रिजेक्ट कर दिया। कंपनी ने यह भी तर्क दिया कि उपभोक्ता ने यात्रियों को चोट आने और केस डायरी नंबर आदि की जानकारी नहीं दी गई। इस कारण क्षति राशि का उपभोक्ता हकदार नहीं है। केस के दौरान बीमा कंपनी ने बाद में इस बात को भी आधार बनाया कि बाद में उपभोक्ता ने नो क्लेम बोनस का लाभ ले लिया ऐसे में वह क्षतिपूर्ति का अधिकारी नहीं है। जिला उपभोक्ता आयोग ने उपभोक्ता के पक्ष में निर्णय सुनाया, लेकिन बीमा कंपनी ने राशि नहीं दी। इसके बाद उपभोक्ता ने राज्य उपभोक्ता आयोग की शरण ली थी।

# अग्रसेन महाराज की तृतीय महाआरती



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अग्रकुल प्रवर्तक भगवान अग्रसेन महाराज की तृतीय महाआरती रविवार कमला पार्क स्थित अग्रसेन महाराज की प्रतिमा के समक्ष की गई। जिसकी जजमानी अग्रसेन समाज समिति भेल भोपाल द्वारा की गई। मीडिया प्रभारी नितिन गुप्ता एवं विनीत अग्रवाल ने बताया कि महाआरती भोपाल अग्रबंधुओं द्वारा पावन नवरात्रि से प्रारंभ की गई है। जो कि प्रत्येक महा के प्रथम रविवार को किए जाने का निर्णय लिया है। इसी श्रृंखला को यथावत रखते हुए तृतीय महाआरती का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम भगवान अग्रसेन महाराज की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण किया गया। उपस्थित सभी अग्रबंधुओं ने भगवान अग्रसेन महाराज एवं मां कुलदेवी लक्ष्मी की आरती की।महाआरती में अग्रसेन समाज समिति भेल के अध्यक्ष आर.के. गुप्ता, भेल महिला मण्डल अध्यक्ष निशा गुप्ता, मुकेश गोयल, सुरेश चंद्र अग्रवाल, रानी मित्तल, हर्षा अग्रवाल, सहित अनेक अग्रबंधु उपस्थित हुए।

# सिंधी परिवार के 51 बच्चों ने धारण किया जनेऊ

### सुखझील दरबार के तीन दिनी समारोह का समापन

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संतनगर के सुखझील दरबार में तीन दिवसीय सामूहिक जनेऊ संस्कार समारोह का रविवार को समापन हो गया। वेदिक रीति रिवाज से 51 बच्चों को जनेऊ धारण कराए गए। संतनगर के अलावा जबलपुर, कटनी, शुजालपुर और राजगढ़ के आए सिंधी परिवार ने अपने बच्चों को जनेऊ संस्कार कराया।

पूज्य संत बाबा सुखराम दास मसंद सुखझील सेवा ट्रस्ट हर साल सामूहिक जनेऊ संस्कार का आयोजन करता है। इस बार तीन दिनी समारोह के बीच आयोजन हुए। साई संजय देव मसंद साहिब के सानिध्य में झूलेलाल मंदिर स्थित हाल में कार्यक्रम हुआ। सुबह 11 बजे पंडित जय शर्मा विधि विधान से बच्चों को जनेऊ धारण कराए। श्वेत वस्त्र और गुलाबी दुपट्टा धारण किए बच्चों को परिजनों ने पंडित द्वारा कराई गई विधि के साथ जनेऊ पहनाए।



# रीझवानीजी की सेवाओं को कभी भुलाया नहीं जा सकता: शर्मा

### विधायक ने निवास पर पुष्पांजलि अर्पित की

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

पूज्य सिंधी पंचायत के पूर्व अध्यक्ष श्री साबू रीझवानी के स्वर्गवास होने के पश्चात् रविवार को विधायक रामेश्वर शर्मा शोक व्यक्त करने रीझवानी जी के निवास पर पहुंचे।

उन्होंने श्री रीझवानीजी के छायाचित्र पर मालार्पण कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। शर्मा ने कहा कि रीझवानी जी की सेवाओं को कभी भुलाया नहीं जा सकता न ही उनके रिक्त स्थान को कोई भर सकता। वे समाज सेवा के साथ-साथ संत नगर की समस्याओ के लिए भी चिंतित रहते थे। समय समय पर पट्टों के प्रकरण व शहर की समस्याओं पर चर्चा करते थे। उनका जीवन जिस सेवा कार्य के लिए था अंत तक उसे निभाया।



इस अवसर पर माता रीझवानी, पुत्रगण चंद्रभान, सुरेश कुमार व ओमप्रकाश रीझवानी के अलावा भाजपा नेता राम बसंल, पंचायत महासचिव माधू चांदवानी, मण्डल अध्यक्ष कमल वीधानी, मोहन मीरचंदानी, सुमित आहूजा, किशोर साधवानी, घनश्याम लालवानी उपस्थित थे।

## शाहपुरा में शैतान सिंह चौराहे की सड़क बंद

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शाहपुरा को गुलमोहर व रोहित नगर से जोडने वाली शैतान सिंह चौराहा की एक सड़क अब 20 दिनों के लिए बंद हो गई है। दरअसल उक्त मार्ग पर सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के सामने नाले को कलवर्ट करने का निर्माण कार्य नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। इसके चलते यातायात परिवर्तित रहेगा।ओरा माल से हनुमान मंदिर 1100 क्वार्टर जाने के लिए देवी अहिल्या बाई चौराहा (शैतान सिंह चौराहा) से मनीषा मार्केट - आरसीवीपी नरोन्हा एकेडमी - कैंपियन स्कूल होते हुए 1100 क्वार्टर हनुमान मंदिर पहुंचा जा सकता है। कैंपियन स्कूल तिराहे से ई-7 होते हुए सांई बोर्ड 12 नंबर, बसंतकुंज गेट से ईश्वर नगर गेट से सेवाय मार्केट (रेडिशन होटल) पहुंचा जा सकता है। निर्माण कार्य जब तक पूरा नहीं होता, तब तक सड़क बंद रहेगी। नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि निर्माण कार्य के दौरान परिवर्तित मार्ग का प्रयोग करें और असुविधा से बचे।

**मेट्रो एंकर**

### पौधे की तरह बच्चों को संस्कारों का सुरक्षा घेरा दें: शाहनी

# सुकून का संदेश देते बाल संत समागम का समापन

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

निरंकारी मिशन के जोन 24 ए, ब्रांच बैरागढ़ में सुकून का संदेश देता बाल संत समागम महात्मा राजकुमार शाहनी की हुजूरी में रविवार को नए सत्संग भवन में हुआ।

राजकुमार ने कहा कि बच्चों के जीवन में आध्यात्मिक चेतना का महत्वपूर्ण स्थान है । जिस प्रकार से एक नन्हे से पौधे के चारों ओर सुरक्षा घेरा बनाकर उसे सुरक्षित रखा जाता है, जिससे उस पौधे को कोई नुकसान न पहुंचा सके । समय बीतने के साथ वह पौधा जब पेड़ का रूप धारण कर लेता है तो उसी पेड़ से मीठे मीठे फलों के साथ ठंडी छांव भी ली जा सकती है । ठीक उसी प्रकार अगर बच्चों को बचपन से ही आध्यात्मिक चेतना की देख-रेख में रखा जाये तो वही बच्चा आगे चलकर एक गुरसिख के रूप में निखरकर सामने आता है और उसके जीवन पर दुनिया में व्याप्त माया, मानसिक कुरीतियों, बुराइयों का कोई असर नहीं पड़ता है।

संत समागम में निरंकारी संत ने कहा कि यह बच्चे देश का और निरंकारी मिशन का भविष्य है । यह बच्चे अभी से जिस प्रकार भक्ति में डूबे हुए हैं इससे यह प्रतीत होता है कि निरंकारी मिशन जवानों, बुजुर्गों सहित बच्चों को भी अच्छी शिक्षा दे रहा है।




सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के आशीर्वाद से जोन की सभी ब्रांचों में इस तरह के आयोजन निरंतर किए जा रहे हैं, जिससे बच्चों में भक्ति के प्रति जागरुकता बढ़ रही है और इसी भक्ति के मार्ग पर चलते हुए यह बच्चे बड़े होकर माता-पिता, निरंकारी मिशन और देश का नाम रोशन करेंगे । बाल संत समागम में बच्चों द्वारा आकर्षक भक्तिमय प्रस्तुतियां दी गई । इस दौरान बड़ी संख्या में निरंकारी बाल संतों द्वारा नृत्य, नाटक और विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन कर भक्तिमय वातावरण निर्मित किया गया । बाल संतो ने समागम के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं को 'आज में सुकून - कल में सुकून, सतगुरु के ज्ञान से - हर पल में सुकून' का संदेश देते हुए नृत्य, नाटक का भी अभिनय कर निरंकारी मिशन की गतिविधियों से अवगत कराया । ज्ञातव्य है कि संत निरंकारी मंडल जोन 24 ए भोपाल की सभी ब्रांचो में विभिन्न कार्यक्रम जोनल इंचार्ज महात्मा अशोक जुनेजा जी के निर्देशन में निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं । समागम के अंत में बैरागढ़ ब्रांच के संयोजक महात्मा महेश वीधानी द्वारा संत और साध संगत का आभार प्रकट किया गया । बाल संत समागम की सुंदर व्यवस्थाएं बैरागढ़ ब्रांच के संचालक अशोक नाथानी सहित सेवादल के भाई - बहनों द्वारा की गई ।

# भोपाल देहात समेत तीन संभागों में अपराधों की समीक्षा, कई कमियां मिलीं

## अफसरों ने दिए- कमियों को दूर करने के निर्देश



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**


प्रदेश के कई स्थानों पर पुलिस ढीली पढ़ रही है, जिसके कारण अपराधियों में भय नहीं होता और वे अपराध कर बैठते हैं। जिसके कारण सरकार की किरकिरी होती है। हाल के 6 महीने में ऐसा कई बार हो चुका है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बीते दिनों इस पर संज्ञान लिया और अधिकारियों को दो टूक कहा कि ऐसा नहीं चलेगा। जिस पर अधिकारी सतर्क हुए हैं। इसी का नतीजा है कि पुलिस के अधिकारियों ने रविवार अवकाश होने के बावजूद भी भोपाल देहात संभाग, जबलपुर और बालाघाट पुलिस संभाग में अधिकारियों ने जिला पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षाएं की। जिसमें कई कमियां मिली, उन्हें दूर करने के निर्देश दिए हैं।

**भोपाल देहात संभाग—** रविवार को भोपाल देहात संभाग के पुलिस अधिकारियों ने विदिशा पहुंचकर सीहोर, राजगढ, भोपाल (देहात) और विदिशा जिले की अपराध व उन पर की गई कार्रवाई की समीक्षा की। यह समीक्षा विशेष पुलिस महानिदेशक (प्रशासन) विजय कटारिया व पुलिस महानिरीक्षक देहात जोन भोपाल अभय सिंह ने की। जिसमें कहा कि तेज गति से डीजे चलाने, धार्मिक स्थलों पर अनाधिकृत रूप से लाउड स्पीकर लगाने, खुले में मांस-मछली की दुकान संचालित करने वालों और कार्रवाई करें। लोकसभा चुनाव की मतगणा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखे। पुराने मामलों की छानबीन जल्द खत्म कर फरार आरोपियों को पकड़ें।

**जबलपुर—बालाघाट पुलिस संभाग—** पुलिस कंट्रोल जबलपुर में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एससीआरबी) पुलिस मुख्यालय भोपाल चंचल शेखर ने पुलिस महानिरीक्षक जबलपुर अनिल सिंह कुशवाह और पुलिस महानिरीक्षक बालाघाट संजय कुमार सिंह के साथ जिलों में दर्ज हत्या, हत्या का प्रयास, बलात्कार के ऐसे प्रकरणों की समीक्षा की। ये ऐसे मामले हैं, जिनमे अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई। जिसको लेकर अधिकारियों ने कहा कि ऐसे आरोपियों को पकड़ने के लिए अभियान चलाएं, गुम बालक, बालिकाओं बरामद करें। यह भी कहा कि अवैध शराब, गांजा-स्मैक बेचने, जुआँ, सट्टा खिलाने/खेलने वालो के विरूद्ध कार्रवाई की जाए।

### ढाई लाख विद्यार्थी शामिल

## तीन हजार परीक्षा केंद्रों पर आज से शुरू हुई पांचवी-आठवीं की पुनः परीक्षा



फाइल फोटो

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के सरकारी, निजी स्कूलों सहित मदरसों की कक्षा पांचवी-आठवीं के विद्यार्थियों की पुनः परीक्षा सोमवार से शुरू हो गई हैं। इस परीक्षा में प्रदेशभर के करीब ढाई लाख विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। यह परीक्षाएं आठ जून तक सुबह 9 से 11.30 के बीच आयोजित की जाएंगी। इस परीक्षा के लिए प्रदेश भर में करीब साढ़े तीन हजार परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने की जिम्मेदारी स्कूल प्राचार्यों की तय की गई है। वहीं परीक्षा के दौरान भीषण गर्मी में सुरक्षा एहतियात को लेकर राज्य शिक्षा केंद्र ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

### ऑनलाइन प्रश्न पत्र भेजे

राज्य शिक्षा केंद्र की ओर से पहली बार सभी केंद्रों पर पुनः परीक्षा के लिए ऑनलाइन प्रश्न पत्र भेजे जा रहे हैं। यह पेपर परीक्षा केंद्र पर ही डाउनलोड कर फोटो कॉपी कराकर विद्यार्थियों को वितरित किए। इसके साथ ही कुछ केंद्रों पर प्रिंटर की व्यवस्था भी की गई है।

### मप्र की पावर मैनेजमेंट बिजली कंपनी का कारनामा, सरकार को भनक तक नहीं लगी

# अघोषित कटौती करके प्रदेश के उपभोक्ताओं को किया परेशान और बेच दी 500 करोड़ की बिजली!

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के कई शहरों से लेकर गांवों में बिजली कंपनियों ने अघोषित कटौती कर लोगों को परेशान किया और बिजली बचाई। इसी बिजली को पावर मैनेजमेंट कंपनी ने बेचकर 500 करोड़ से अधिक रुपये कमा लिए। यह आंकड़ो अप्रैल से लेकर मई के पहले सप्ताह तक का है। अभी भी प्रदेश के कई हिस्सों में अघोषित कटौती और बिजली बेचने का क्रम जारी है।

पावर मैनेजमेंट कंपनी और मुंबई इंडियन एक्सचेंज ऑफिस के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अप्रैल के महीने में उत्तरप्रदेश, ओडिशा, आंध्रप्रदेश और तेलंगाना को 32.5 करोड़ यूनिट बिजली दी। इसकी कीमत 160 करोड़ रुपये से अधिक थी। अब अधिकारियों का कहना है कि यह इस शर्त पर दी गई कि रबी में जब मप्र को जरुरत होगी, तब इतनी बिजली वापस ली जाएगी। जबकि अन्य राज्यों को




52.79 करोड़ यूनिट बिजली बेची गई, जिसकी कीमत 241 करोड़ से अधिक है। बिजली कंपनी से रिटायर्ड अतिरिक्त मुख्य अभियंता व एनर्जी मामलों के जानकार राजेंद्र अग्रवाल ने बिजली बेचने को विद्युत नियामक आयोग की गाइडलाइन का उल्लंघन बताया। यह भी कहा कि उक्त बिजली दूसरे राज्यों को बेची और बैंकिंग के लिए दी। यह तभी किया जा सकता है जब राज्य के पास पर्याप्त बिजली हो, जो कि अघोषित कटौती कर बचाई गई थी। उपभोक्ताओं को भरपूर बिजली नहीं दी। कई शहरों व गांवों से ट्रिपिंग व फॉल्ट की शिकायतें आती रहीं, क्योंकि बिजली बचाने के लिए काटी गई। इधर सरकार के ऊर्जा विभाग की ओर से शनिवार को आपूर्ति से जुड़े आंकड़े जारी किए। जिसमें बताया कि मई 2024 में 90512.31 लाख यूनिट बिजली दी है। यह मई 2023 की तुलना में 21.89 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह वर्ष 2024-25 में मई माह तक कुल 179492.38 लाख यूनिट बिजली दी जा चुकी है, जो गत वर्ष की इस अवधि में दी गई आपूर्ति की तुलना में 16.91 प्रतिशत अधिक है।

# यूजी चतुर्थ वर्ष ऑनर्स और ऑनर्स विद रिसर्च तो कर दिया, लेकिन सिलेबस तैयार नहीं

### जुलाई से प्रवेश शुरू करने की तैयारी, सभी सरकारी व निजी महाविद्यालयों में होगा शुरू

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

उच्च शिक्षा विभाग ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत इस बार स्नातक (यूजी) पाठ्यक्रम चार वर्ष और यूजी चतुर्थ वर्ष ऑनर्स और ऑनर्स विद रिसर्च कर दिया है, लेकिन अब तक सिलेबस तैयार नहीं हो सकता है। जबकि जुलाई से प्रवेश के लिए आदेश दिए गए हैं। यूजी चतुर्थ वर्ष ऑनर्स का पाठ्यक्रम सभी सरकारी व निजी महाविद्यालयों में शुरू किया जा रहा है, लेकिन ऑनर्स विथ रिसर्च पाठ्यक्रम का संचालन केवल ऐसे पीजी महाविद्यालयों में किए जा रहे हैं। इसके लिए कम से कम दो नियमित शिक्षक शोध निदेशक के रूप में होना चाहिए। इन महाविद्यालयों में संबंधित विवि से संबंधित विषय में मान्यता प्राप्त शोध केंद्र को संचालित करने की तैयारी चल रही है। सभी महाविद्यालयों से शोध निदेशक की सूची मांगी गई है।

**72 विषयों के पाठ्यक्रम तैयार:** हालांकि उच्च शिक्षा विभाग ने विषयवार बोर्ड आफ स्टडीज गठित की है। यूर्जी चतुर्थ वर्ष के लिए 78 विषयों के पाठ्यक्रम तैयार किया जाना है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि 72 विषयों के पाठ्यक्रम तैयार कर लिए गए हैं, सिर्फ छह विषयों के बाकी हैं। इसे भी जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

**यूजी में प्रवेश की आज अंतिम तारीख, पीजी में सीट आवंटन पर असमंजस बरकरार :** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा ई-प्रवेश प्रक्रिया के तहत यूजी के लिए सीटों का आवंटन किया जा चुका है, लेकिन पीजी के आवंटन को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। पीजी का आवंटन 29 मई को किया जाना था, लेकिन बिना किसी सूचना के विभाग ने आवंटन रोक दिया है। ऐसे में प्रदेशभर के पंजीयन कराने वाले करीब 40 हजार विद्यार्थी परेशान हो रहे हैं। यूजी में प्रवेश के लिए 3 जून अंतिम तारीख है। इसके साथ ही दूसरे चरण के लिए 13 जून तक पंजीयन कराए जा रहे हैं। वहीं पीजी में पंजीयन कराने वाले 41 हजार 931 विद्यार्थियों को सीट आवंटन का इंतजार है। इसमें 34 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने सत्यापन कराए हैं। पहले चरण की सीटों के आवंटन किए बगैर विभाग द्वारा दूसरे चरण के पंजीयन कराए जा रहे हैं। जिसके लिए 14 जून अंतिम तिथि निर्धारित की गई है।



### 10.18 लाख सीटों पर प्रवेश के लिए काउंसलिंग

उल्लेखनीय है कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के 1,308 सरकारी और निजी कॉलेजों में यूजी-पीजी की करीब 10.18 लाख सीटों पर प्रवेश के लिए काउंसलिंग कराई जा रही है। इसमें पीजी में करीब 2.11 लाख और यूजी की लगभग 8.17 लाख सीटें हैं। यूजी में आवंटित 1.25 लाख सीटों में 50 हजार से अधिक पर प्रवेश हो चुके हैं।

## एमसीयू: प्रवेश के लिए 10 तक आवेदन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय प्रबंधन ने प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब विद्यार्थी प्रवेश के लिए 10 जून तक आवेदन कर सकते हैं। विद्यार्थी एमपी ऑनलाइन या सीयूईटी के माध्यम से अप्लाई कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केजी सुरेश ने कहा कि विद्यार्थी हित में तिथि को आगे बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता, जनसंचार, मीडिया, प्रबंधन, कम्प्यूटर, सिनेमा, विज्ञापन एवं जनसंपर्क, भाषा एवं प्रौद्योगिकी, संचार शोध आदि विषयों में रुचि रखने वाले युवा प्रवेश प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं।

## मैनिट में अर्बन प्लानिंग, हाउसिंग पीजी प्रोग्राम में दाखिले के लिए आवेदन 6 तक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मैनिट में बायो टेक्नोलॉजी, केमिकल इंजीनियरिंग, हाइड्रोपावर इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग सहित कई अन्य प्रोग्राम में एडमिशन प्रक्रिया शुरू हो गई है। मैनिट में एमटेक और एम प्लान की 600 सीटों में प्रवेश दिया जाएगा। सेल्फ फाइनेंस कैटेगरी में आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग के तहत अर्बन प्लानिंग, हाउसिंग पीजी प्रोग्राम में दाखिला होगा। प्रवेश के लिए आवेदन की आखिरी तारीख 6 जून है। मैनिट ने जो कैटेगरी जारी की हैं, उनमें उम्मीदवार योग्यता के हिसाब से दाखिला ले सकते हैं। इसमें छात्र का 6.5 सीजीपीए होना चाहिए।

**मेट्रो एंकर**


### विभागों को निर्देश जारी

# जलस्रोत संरक्षण के लिए 5 से 16 जून तक विशेष अभियान की तैयारी में व्यस्त सरकार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** सीएम के निर्देश पर सभी जिलों में जल स्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए 5 जून से 16 जून तक विशेष अभियान के लिये अफसर जुटे हुए हैं। अभियान का संचालन ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं नगरीय क्षेत्रों में नगरीय विकास एवं आवास विभाग करेगा। इसके सुचारू संचालन के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव मलय श्रीवास्तव और नगरीय विकास एवं आवास विभाग के प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई द्वारा राज्य के सभी कलेक्टरों को संयुक्त दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।



इन निर्देशों में कलेक्टरों से कहा गया है कि अभियान के दौरान जल संरचनाओं के उन्नयन कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर कराये जाए। जल संरचनाओं से मिलने वाले गंदे पानी के नाले अथवा नालियों को डायवर्सन के उपरांत शोधित कर जल संरचना में छोड़ा जाए। जल संरचनाओं को व्यवसाय व रोजगार मूलक बनाने के उद्देश्य से पर्यटन, मत्स्य पालन, सिंघाड़े का उत्पादन जैसी संभावनाओं का स्पष्टतः निर्धारण कर लिया जाए। चिन्हित जल संरचनाओं की मोबाइल ऐप से जियो टैगिंग भी की जाएगी। जल संग्रहण संरचना से निकाली गई मिट्टी एवं खाद का उपयोग स्थानीय कृषकों के खेतों में किए जाने को प्राथमिकता दी जाये। जल संरचनाओं के किनारे पर यथासंभव बफर जोन तैयार किए जाएंगे। इस जोन में अतिक्रमण से बचाने एवं नदी तालाबों के कटावों को रोकने के लिए हरित क्षेत्र पार्क का विकास जैसे कार्य किए जाएंगे। नगरीय क्षेत्र में जल संरचनाओं के जल की गुणवत्ता की जांच भी की जाएगी। जन-जागरूकता के उद्देश्य से 6 जून को प्रत्येक नगरीय निकाय में जल सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। 8 जून को जन भागीदारी से श्रमदान कर जल संरचनाओं की साफ सफाई की जाएगी। 9 जून को जल संरचनाओं के समीप कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा साथ ही 9 जून को ही जल संरक्षण विषय पर निबंध, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय छात्र-छात्राएं सहभागिता करेंगे। 10 से 16 जून तक योजनानुसार जीर्णोद्धार के साथ-साथ जल संरचनाओं की साफ-सफाई भी होगी। 15 व 16 जून को गंगा दशमी के अवसर पर प्रमुख जल स्रोतों के किनारे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत गंगा आरती, भजन समारोह इत्यादि आयोजित किये जायेंगें।



## संपादकीय

### मतगणना के बाद

देशभर के सभी राज्यों में मतदान का दौर शनिवार को पूरा होने के बाद राजनीतिक दलों के लिये मंगलवार यानि नतीजों का इंतजार करना मुश्किल हो रहा होगा। वह भी तब, जबकि एक्जिट पोल के नतीजों ने मतगणना के बाद की तस्वीर को कुछ हद तक स्पष्ट करके रख दिया है। इसमें सत्तारूढ एनडीए को जबर्दस्त बहुमत दिखाया गया है,जबकि कांग्रेस समेत महत्वपूर्ण दलों के गठबंधन को बहुमत से काफी दूर रखा गया है। हालांकि एक्जिट पोल के नतीजे हर बार सौ फीसद सटीक नहीं रहे हैं लेकिन इनसे मतदाता के मूड की झलक जरूर सामने आती रही है।फिलहाल तो भाजपा के शिविरों में जश्न व सुकून जैसा माहौल है तो कांग्रेस व अन्य गठबंधन दलों में बेचैनी का आलम है तथा समीक्षा का दौर तेजी से चल रहा है। चूंकि यह चुनाव बेहद निर्णायक माने जा रहे थे और दलों द्वारा कहे भी जा रहे थे, लिहाजा इनके परिणाम बहुत सारी भावी राजनीतिक परिस्थितियों को भी साफ करेंगे। गौरतलब है कि कांग्रेस गठबंधन में बहुत सारे प्रभावी क्षेत्रीय दल शामिल रहे हैं और भाजपा के पास उस तरह के सहयोगी दलों की कमी रही,इसके बावजूद यदि वह अपनी पताका को फहराए रखने में सफलता हासिल कर लेती है तो यह उसकी चुनाव मशीनरी,शैली और सरकार के कामकाज के प्रति लोगों की अभिव्यक्ति ही मानी जाएगी। अब यदि चुनाव के 7 चरणों की बात करें तो करीब दो महीने के इस चुनावी दौर में चुनाव आयोग को कई तरह की चुनौतियों से दो-चार होना पड़ा। इन अनुभवों से मिले सबक पर गौर करना इसलिए जरूरी है कि आगे के चुनावों की क्वॉलिटी बेहतर की जा सके। चुनाव ऐसे समय कराए गए, जब देश का ज्यादातर हिस्सा भीषण गर्मियों की चपेट में रहता है। इस तथ्य को जितनी अहमियत मिलनी चाहिए थी, उतनी न देते हुए आयोग ने छह सप्ताह की अप्रत्याशित रूप से लंबी मतदान प्रक्रिया निर्धारित कर दी। इस वजह से नेताओं, कार्यकर्ताओं और मतदाताओं में चुनावों को लेकर दिलचस्पी बनाए रखना मुश्किल होता गया। कम मतदान प्रतिशत के पीछे एक वजह यह भी मानी जा रही है। चूंकि ज्यादातर वोटरों को वोट देने के लिए बूथ तक जाना होता है और यह हमेशा आसान नहीं होता, इसलिए इसका ध्यान रखने की जरूरत होती है कि जहां तक हो सके, वोटरों के घर से बूथ की दूरी ज्यादा न हो। बताया जाता है कि दिल्ली की ही सातों संसदीय सीटों में बूथों की संख्या 2019 के मुकाबले कम रखी गई। जबकि मतदाताओं की संख्या में 9 लाख का इजाफा हो चुका था। जाहिर है, ऐसे में खास तौर पर बुजुर्ग मतदाताओं के लिए वोट देने जाना थोड़ा और मुश्किल हुआ। भारत जैसे बड़े और विविधतापूर्ण देश में अगर चुनाव विश्वसनीय माने जाते रहे हैं तो इसका श्रेय चुनाव आयोग को ही जाता है। सहज और शांतिपूर्ण सत्ता हस्तांतरण के पीछे सबसे बड़ा फैक्टर है इस प्रक्रिया पर मतदाताओं का विश्वास बना रहना। इस विश्वास को मजबूती मिलती है आकंड़े समय पर जारी होते रहने से। इसीलिए सूचनाओं का अभाव संदेह को जन्म देता है। चुनाव आयोग के लिए सबसे मुश्किल होता है विभिन्न पार्टियों के नेताओं से चुनावी आचार संहिता का पालन कराना। अक्सर पार्टियां उसके नोटिसों को महत्व नहीं देता। इन नोटिसों और दिशानिर्देशों को अदालतों में चुनौती भी दी जाती है। जो बात चुनाव आयोग के पक्ष में जाती है वह यह कि आयोग अपने सख्त रुख पर अडिग रहा और पक्ष-विपक्ष की चिंता किए बगैर आचार संहिता के उल्लंघनों पर त्वरित प्रतिक्रियाएं देता रहा। मगर आयोग को भविष्य में भी ध्यान रखना चाहिए कि उसका निष्पक्ष रहना जितना जरूरी है उतना ही उसका निष्पक्ष दिखना भी जरूरी है। क्योंकि इस बार आयोग के कामकाज पर नेताओं ने बहुत ही तीखी टिप्पणियां हुई हैं।

# चुनाव अनुभव से सबक लेकर क्रांतिकारी बदलाव की चुनौती

■ **आलोक मेहता**



लोक सभा चुनाव में इस बार राजनैतिक दलों ने हर मोर्चे पर नए रिकॉर्ड बना दिए । प्रचार अभियान , खर्च , वायदों , आरोपों प्रत्यारोपों ने चुनाव आयोग के समक्ष शिकायतों का अंबार लगा दिया । संभव है चुनाव परिणाम आने पर सुप्रीम कोर्ट से लेकर नई संसद में फिर से सुधारों की आवाज उठे । प्रधान मंत्री ने तो 1 जून के अंतिम मतदान से पहले एक इंटरव्यू में पुनः ' एक देश एक चुनाव ' के लिए सहमति बनाने का अभियान तेज करने की घोषणा कर दी । वह यह बात जून 2019 में भी कह चुके थे और फिर उनकी सरकार ने सचमुच पूर्व राष्टपति रामनाथ कोविद की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति बनाई और विभिन्न स्तरों पर विचार विमर्श , तथ्य और क्रियान्वयन की कई सिफारिशों वाली रिपोर्ट दे दी है ।। दिलचस्प बात यह है कि सामान्य जनता भी पंचायत , नगर पालिका - निगम , विधान सभा और लोक सभा के चुनावों के चक्कर से परेशान होने लगी है । लेकिन कांग्रेस सहित प्रतिपक्ष के अनेक दल इस मुद्दे पर विचलित होकर विरोध करने लगते हैं । उनका सबसे ब?ा भय यह है कि इस व्यवस्था से प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी भारतीय जनता पार्टी केंद्र के साथ अधिकांश राज्यों में शक्तिशाली हो जाएगी । सवाल यह है कि चुनाव के दौरान निरंतर व्यवस्था पर आरोप और शिकायत लगा रहे राजनैतिक दल चुनाव सुधारों , नई टेक्नोलॉजी ,सोशल मीडिया , करो?ों के खर्च , गंभीर अपराधों में चार्जशीट को टिकट न देने , राज्यों में मतदाता सूची बनाने से लेकर मतगणना तक के इंतजाम में सुधार आदि के लिए भी संसद में सर्वानुमति से प्रस्ताव पारित काने को तैयार होंगे ? एक देश एक चुनाव का मुद्दा नरेंद्र मोदी ने अपने वर्चस्व के लिए नहीं उठाया है । मुझे याद है 2003 में तत्कालीन उप राष्टपति भैरोसिंह शेखावत ने सार्वजानिक रुप से यह सुझाव दिया और तब भी हिंदी आउटलुक साप्ताहिक के अपने सम्पादकीय कालम में इसके समर्थन में लिखा था । तब मोदी दिल्ली से दूर गुजरात के मुख्यमंत्री थे और किसीको उनके प्रधान मंत्री बनने का कोई संकेत नहीं था । केंद्र में भी अटल बिहारी वाजपेयी गठबंधन के प्रधान मंत्री थे । शेखावतजी ने तर्क दिया था कि ' चुनाव एक साथ होने से चुनावों के भारी खर्च में कमी आएगी और सरकार दबाव में नहीं रहेगी । हर वर्ष दो तीन राज्यों में विधान सभा के चुनाव होने से केंद्र सरकार भी जनता से जुड़े विषयों पर कड़े निर्णय नहीं ले पाती । '

देश में एक साथ चुनाव का विरोध इसलिए बेमानी है क्योंकि देश में 1952 , 195। , 1962 और 196। में लोकसभा तथा विधान सभाओं के चुनाव एकसाथ ही हुए थे । संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव आंबेडकर , जे बी कृपलानी , जवाहरलाल नेहरु, राममनोहर लोहिया , दीनदयाल उपाध्याय , चंद्रशेखर , ज्योति बसु जैसे नेता इन चुनावों में जीतते या हारे



भी थे । अब तो इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन और अन्य डिजिटल सुविधाएं आसान हो गई हैं । बूथ और वोट लूटने की घटनाएं अस्मभव सी हो गई हैं । हां चुनावी खर्च बढ़ता गया है । इसमें कोई शक नहीं कि भारत के चुनाव सम्पूर्ण विश्व में लोकतान्त्रिक व्यवस्था के आदर्श हैं और महानगरों से लेकर सुदूर गांवों तक मतदाता अधिक सक्रिय और जागरुक हो गए हैं । वे चुनाव में पार्टी और उम्मीदवार का हिसाब विकास के आधार पर लेने लगे हैं । हाँ भारी खर्च , झूठे वायदों और चुनाव के बाद सांसद या विधायक द्वारा अपने क्षेत्र पर ध्यान नहीं दिए जाने पर उसकी नाराजगी दिखती है । सत्तारुढ़ नेता ही नहीं देश के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्तों ने कई महत्वपूर्ण सिफारिशें चुनाव सुधार के लिए कर रखी हैं । खासकर पार्टियों , उम्मीदवारों , उनके समर्थकों - संस्थाओं , कंपनियों और अप्रत्यक्ष विदेशी तत्वों द्वारा सारे नियम कानून और आचार संहिता को चतुराई से बचाकर करोड़ों के खर्च एवं अन्य हथकंडों पर अंकुश के लिए 4 जून के बाद बनने वाली नई सरकार , संसद , चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट को निर्णय करने होंगे ।

इस बार मतदान के दिन अन्य क्षेत्रों में प्रधान मंत्री सहित अन्य नेताओं की सभाओं , रैलियों और अंतिम दौर में तो नरेंद्र मोदी के कन्याकुमारी के विवेकानंद स्मारक में ध्यान लगाकर मौन रहने पर भी प्रतिपक्ष ने चुनाव नियम आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप लगा दिया । लेकिन मौन ध्यान के फोटो वीडियो पर आपत्ति अजीब सी लगाती है । यह तो पारदर्शिता है कि देश को अपने नेता के बारे में सूचना मिले और कुछ हद तक प्रेरणा भी मिल सके । इसी तरह पूर्व प्रधान मंत्री मनमोहन सिंह द्वारा आरक्षण में मुस्लिमों को लाभ देने और उनके पहले अधिकार के वक्त्वयों पर विवाद है । सिंह ने देर से कुछ स्पष्टीकरण दिया है । लेकिन राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे इस मुद्दे पर उनके ही वरिष्ठ सहयोगी सलमान खुर्शीद द्वारा पिछले चुनावों में मुस्लिमों को 9 प्रतिशत आरक्षण देने के वायदे की सार्वजिक घोषणा तो रिकॉर्ड पर है । चुनाव आयोग को मिली शिकायत का विवरण तो पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एस वाय कुरैशी ने अपनी पुस्तक में भी दिया है । मतलब मनमोहन सिंह सरकार के कानून मंत्री ने इस प्रस्ताव को आगे बढ़ाया था । इसलिए भाजपा ने इस विषय को बड़े जोर शोर से उठाया । धर्म , जाति के आधार पर आरक्षण का विवाद आचार संहिता के आधार पर अनुचित कहा गया । इस चुनाव में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से एक असाधारण बात यह हुई कि जेल से एक मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत दे दी गई । चुनाव प्रचार ?त्म होने के तत्काल बाद 2 जून को समर्पण कर वापस जेल जाने का फैसला हुआ था । लेकिन दिल्ली , पंजाब सहित विभिन्न राज्यों में प्रचार के अनितम दौर में सहानुभूति वोट के फॉर्मूले पर केजरीवाल ने जमानत की अवधि बढ़ाने का प्रचार शुरु कर दिया । यही नहीं जनता से भी सहानुभूति के लिए अपनी दिल्ली सरकार के अधीन तिहाड़ जेल में पर्याप्त दवाई , चिकित्सा नहीं मिलने , बुजुर्ग माता पिता , भगत सिंह की तरह आजादी के लिए बलिदान देने जैसे वीडियो और मीडिया में इंटरव्यू जारी किए । अब पंजाब में उनका विरोध कर रही कांग्रेस क्या इस अंतिम प्रचार की शिकायत चुनाव आयोग से कर सकेगी? इस दृष्टि से अगले चुनवों से पहले चुनाव व्यवस्था में सुधार , पहले से पारित संसद विधान सभा में महिलाओं के 33 प्रतिशत आरक्षण और समान नागरिक कानून जैसे निर्णय और उनके क्रियान्वयन के लिए व्यापक सहमति बनानी होगी ।

## निशाना

### हैं दगे सवाल !



\- कृष्णेन्द्र राय

साधना और मौन को ।
लेकर मचा बवाल ।।
ये कैसा अधिकार है ।
हैं दगे सवाल ।।
अपने अपने स्तर पर ।
है काफी विरोध ।।
कब कहां नहीं जाना ।
है अधूरा शोध ।।
है पड़ताल जारी ।
कहां कहां नुकसान ।।
कैमरा भी इसमें ।
डाल दिया है जान ।।
हुई पर शिकायत ।
ज़ोर था लगाया ।
पर असफल प्रयास अब तक ।
काम नहीं है आया ।।

## आज का इतिहास

- 1658 पोप अलेक्जेंडर ने फ्रांकोइस डे लावल को न्यू फ्रांस के विकारा पोस्टोलिक के रूप में नियुक्त किया।
- 1770 मिशन सैन कार्लोस बोरोमोटो डी कार्मेलो, वर्तमान में कार्मेल-बाय-द-सी, कैलिफ़ोर्निया में ऐतिहासिक कैथोलिक चर्च और अल्टा कैलिफ़ोर्निया में पहली ईसाई पुष्टि की साइट स्थापित की गई थी
- 1781 अमेरिकी क्रांतिकारी वॉर-जैक जौट ने आधी रात की सवारी नहीं की, जो थॉमस जेफरसन और वर्जीनिया विधायिका को आने वाले ब्रिटिशकाल के लिए चेतावनी दी, जिन्हें उन्हें पकड़ने के लिए भेजा गया था।
- 1781 जैक जोट ने थॉमस जेफरसन को ब्रिटिश हमले की चेतावनी दी।
- 1789 एलेक्स मैकेंज़ी ने मैकेंज़ी नदी (कनाडा) की खोज की।
- 1828 ग्रान कोलंबिया-पेरू युद्ध में राष्ट्रपति सिमोन बोलिवर ने पेरू पर युद्ध की घोषणा की।
- 1839 किंग सरकार के अधिकारी लिन ज़ेक्सू ने चीन के हुमेन में लगभग 1.2 मिलियन किलोग्राम अफीम को नष्ट करने का आदेश देकर प्रथम अफीम युद्ध का आरंभ किया।
- 1839 किंग चीनी सरकार के अधिकारी लिन ज़ेक्सू ने प्रथम अफीम युद्ध को तेज करने के लिए हुमेन में अफीम के लगभग 1.2 मिलियन किलोग्राम (2.6 मिलियन पाउंड) को नष्ट करने का आदेश दिया।
- 1856 क्यूलन व्हिपल ने स्क्रू मशीन का पेटेंट कराया।
- 1886 युगांडा के नमगोंगो में 24 ईसाइयों को जिंदा जला दिया गया।
- 1888 अमेरिकी लेखक अर्नेस्ट थायर की बेसबॉल कविता केसी एट द बबट को पहली बार सैन फ्रांसिस्को परीक्षक में प्रकाशित किया गया था।

अपनापन परवाह आदर और वक्त यह वो दौलत हैं, जिससे बड़ा किसी को देने के लिये कोई उपहार नहीं होता

# कारगर योजना ही कर सकेगी तापमान से मुकाबला

भारत के उत्तर पश्चिमी, मध्य, हिमालयी अंचल और महाराष्ट्र में इन दिनों झुलसाने वाली ग्रीष्म लहर चल रही है। मंगलवार को हरियाणा के सिरसा और राजस्थान के चुरू में पारा 50 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। पंजाब, हरियाणा और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली क्षेत्र के अधिकांश भाग में दिन का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच जाता है। अनेक सूबों में अस्पतालों में गर्मी संबंधित मामलों में उछाल आया है और कुछ राज्यों में लू लगने से मौतें भी दर्ज हुई हैं। फिल्मी सितारे शाहरुख खान को भी गर्मी से पीड़ित होने के बाद अहमदाबाद के अस्पताल में दाखिल होना पड़ा। स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव के अलावा तीव्र गर्मी का असर अनेकानेक क्षेत्रों की उत्पादकता पर होने लगा है, जिसका आगे अर्थव्यवस्था पर काफी प्रभाव होगा। महज यह हिदायतें जारी करना कि लोग घर के अंदर बने रहें और पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें, नाकाफी है। तापमान के उछाल को नाथने के लिए हमें बृहद नीति बनाने की जरूरत है, जो आज की तारीख में नदारद है। अलबत्ता तापमान संबंधी सटीक पूर्वानुमान और चेतावनियों के साथ मौसम विभाग का काम प्रशंसनीय है। एक मार्च को इस विभाग ने मार्च से मई की अवधि के लिए तापमान संबंधी अग्रिम पूर्वानुमान जारी किया था। इसमें देश के अधिकांश हिस्सों में तापमान सामान्य से अधिक रहना बताया गया था। एक अप्रैल को जारी किए संशोधित पूर्वानुमान में जून माह तक के लिए सामान्य से अधिक गर्मी रहने का अनुमान वाले अंचलों की इलाकावार जानकारी अधिक तफ्सील से दी गई। इसमें चेतावनी दी गई कि लंबे समय तक खिंचने वाली अत्याधिक गर्मी के सत्र से शरीर में जल की कमी हो सकती है और बुनियादी तंत्र जैसे कि पॉवर ग्रिड और परिवहन व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। इन चुनौतियों का हल निकालने के लिए, यह जरूरी है कि प्रशासन सक्रिय होकर उपाय करे। सरकारी की एक अन्य एजेंसी राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, मौसम में बदलावों एवं मानव स्वास्थ्य के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम संचालित करती है।

राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र द्वारा जारी परामर्श पत्र में एक भाग गर्मी संबंधित रोग पर है, इसमें ध्यान का केंद्र लोगों की भीड़ वाले आयोजन और खेल प्रतियोगिताओं पर है जैसे कि इंडियन प्रीमियर लीग, जो 22 मार्च को शुरू होकर 26 मई को खत्म हुई। इस दौरान सात चरणों वाली लोकसभा चुनावी प्रक्रिया 19 अप्रैल से आज



तक चलनी है। अत्यधिक गर्मी झेल रहे इलाकों में मतदाताओं की संख्या उम्मीद से कम रही। कुछ मौकों पर चुनाव प्रचार कर रहे प्रत्याशी तीव्र तापमान की वजह से बेहोश भी हुए हैं। बेशक आईपीएल के मैच देर शाम को शुरू होते हैं लेकिन अधिकतर वक्त दर्शक आमतौर पर दोपहर से ही दीर्घा में जमने शुरू हो जाते हैं। इस समय तापमान सबसे ज्यादा उरोज पर होता है और खिलाड़ी भी अभ्यास दिन में करते हैं। बड़ी भीड़ वाले आयोजनों के लिए जारी हिदायतों की भांति शहरों को अपनी ग्रीष्म कार्य योजना बनाकर अमल में लाना चाहिए। इस किस्म की योजनाओं में लू का स्वास्थ्य पर प्रभाव संबंधी सार्वजनिक जागरूकता बनाना, जरूरत बनने पर गर्मी संबंधित रोग से निपटने को पूर्व तैयारी करना शामिल हो। संबंधित तमाम सरकारी एजेंसियों को आपसी तालमेल बनाकर, लोगों में लू लगने की संभावना में कमी लाने संबंधी जागरूकता बनाना एवं निदान उपाय अपनाने का अभियान चलाना चाहिए। छांव देने वाले ढांचे तैयार किए जाने चाहिए। खुले में शारीरिक श्रम करने वाले मजदूरों के काम करने के घंटे इस तरह तय हों ताकि वे तीव्र धूप का शिकार बनने से बचें।

केंद्र सरकार के कहने पर भीड़भाड़ वाले आयोजनों के लिए जिस किस्म की निर्देशावली बनी है, वैसी बहुत से शहर और सूबे अपने यहां नहीं कर पाए। जबकि अहमदाबाद का प्रमाण प्रत्यक्ष है, जहां पर 2013 से अपनाई कार्य योजना से तीव्र गर्मी संबंधित मृत्यु दर में कमी आई है। तेलंगाना और ओडिशा ने भी अपनी तापमान कार्ययोजना बना रखी है लेकिन इन योजनाओं का असर इन पर अमल करने की दक्षता पर निर्भर करता है।यह तथ्य है कि शहरों में गर्मी की तीव्रता स्थानीय कारक जैसे कि जनसंख्या घनत्व, कंक्रीट ढांचों की सघनता, पेड़ों की संख्या में कमी इत्यादि से भी संबंधित है। कई सालों से वैज्ञानिक 'शहरी गर्म टापू' के बारे में कहते आए हैं, जिसमें शहर का एक भाग विशेष अन्य इलाकों की अपेक्षा ज्यादा तप जाता है। इन 'शहरी गर्म टापुओं' के पीछे स्थानीय अवयव जैसे कि हरियाली और तालाबों की कमी, स्थानीय औद्योगिक गतिविधियां, गर्मी सोखने वाले कंक्रीट के भवन, हवा के आरपार निकलने के इंतजाम में कमी और एयर कंडीशनरों से निकली गर्म हवा तापमान बढ़ाती है। मसलन, दिल्ली की घनी आबादी वाला सीताराम बाज़ार हो या फिर कनाट प्लेस या भीकाजी कामा प्लेस, वहां पारा आसपास के इलाकों से कुछ अधिक ही दर्ज होता है, जिससे कि यह भाग 'शहरी गर्म टापुओं' में तबदील हो जाते हैं।

भारत के 114 शहरों पर आधारित आईआईटी भुवनेश्वर द्वारा किया हालिया सर्वेक्षण बताता है कि शहरों में गर्मी की तीव्रता भारत के शेष भूभाग की आबादी वाले इलाकों की अपेक्षा लगभग दोगुणी महसूस होती है। उत्तर-पश्चिमी, उत्तर-पूरबी और दक्षिणी भारत में भूमि सतह के रात्रि-तापमान में बढ़ोतरी अधिक पाई गई है। आईआईटी-गांधीनगर द्वारा करवाए अध्ययन में चेतावनी दी गई कि तेजी से हो रहे शहरीकरण की वजह से बने 'शहरी गर्म टापुओं' से भारतीय नगरों में गर्मी की तीव्रता और बदतर होगी। पर्याप्त सबूत बताते हैं कि इस असर को नियंत्रित करने के लिए सरकारी एजेंसियों को गर्मी-कार्य योजना शुरू करनी ही होगी। यह देखते हुए कि ग्रीष्म लहर के दौरान रात के तापमान में इजाफा काफी हुआ है, अप्रत्यक्ष ठंडक उपाय करना जैसे कि हवा की आरपार निकासी, छांव बनाना, गर्मीरोधी एवं सूर्य किरण परावर्तित करने वाली परत चढ़ाना इत्यादि से भवन के अंदरूनी तापमान को नीचे लाया जा सकता है। भवन निर्माण संहिता में ऐसी निर्माण सामग्री का इस्तेमाल करने को बढ़ावा देना चाहिए, जो कम गर्मी सोखने वाली हो। साथ ही यह खूबी लंबे वक्त तक कायम रखने वाली हो ताकि गर्मी सोखने से बने तापमान का स्तर नीचे लाया जा सके। तालाबों की उपस्थिति और हरियाली रात्रिकालीन गर्मी में अतिरिक्त कमी लाने में मददगार हो सकती है। गर्मीरोधक योजना में सुझाव दिया गया है कि निम्न आयवर्ग के घरों की छत ठंडी रहने वाली सामग्री से बनी हो ताकि कमरे के अंदर का तापमान नीचा रहे।

हमें ऐसी जन कल्याणकारी नीतियों की जरूरत है जो इस किस्म के गर्मीरोधक उपायों की रूपरेखा और क्रियान्वयन हेतु समन्वित कार्ययोजना को बढ़ावा देते हों। यह नीतियां अनेकानेक क्षेत्रों के लिए विकसित की जाएं जैसे कि स्वास्थ्य, नगर योजना, पर्यावरण, परिवहन, शिक्षा, श्रम, बुनियादी ढांचा, निर्माण, वित्त इत्यादि। क्रियान्वन के लिए, नगर निगमों और शहरी निकायों को तकनीकी एवं वित्तीय सहायता मुहैया करवाई जाए। वैज्ञानिक बिरादरी, स्थानीय लोगों और सिविल सोसायटी को साथ जोड़ना अहम है। भीषण गर्मी में बढ़ोतरी से निपटने के उपाय केवल मौसम विभाग या स्वास्थ्य क्षेत्र के जिम्मे छोड़ने से यह काम नहीं बनने वाला।

**साभार- लेखक विज्ञान संबंधी विषयों के जानकार हैं।**



# दो बच्चों के पिता पूर्व सरपंच ने प्रेमिका के चक्कर में पत्नी को मारा चाकू

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

ग्राम लोखर तलाई के पूर्व सरपंच डोंगर सिंह पुरेसिया ने अपनी पत्नी को चाकू मार कर घायल कर दिया गांव वालों की मदद से घायल महिला को सिवनी मालवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां से महिला की गंभीर अवस्था को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया पूरा मामला बीती रात का बताया जा रहा है।

**लड़ाई का कारण बना पति-पत्नी वो:** आपने हिंदी फिल्म का वो गाना तो सुना होगा कि मैं कहीं कवि ना बन जाऊं तेरे नाम ऐ कविता हुआ भी कुछ यू दो बच्चों के पिता जिनको कुछ दिनों में अपने बच्चों की शादी ब्याह की तैयारी के सिलसिले में पिता को उनके घर बसाने के लिए परिवार देखना था बही पिता अपने ही लिए रिश्ता बनाकर जन चर्चा का विषय आज से 6 माह पहले ही बन चुके थे। डोंगर सिंह को पास के ही गांव की श्रीपुरा में रहने वाली एक कविता नामक लड़की से प्यार हो गया प्यार इतना परवान चढ़ गया कि डोंगर सिंह उसे लेकर आज से 6 महीने पहले कविता को भगा कर ले गया कई बार पत्नी बच्चों ने अपने नाते रिश्तेदारों को इस बात की समस्या बताइ लेकिन समस्या का कोई हल नहीं निकला जब अचानक ही शनिवार रात्रि में जब डोंगर सिंह अपनी प्रेमिका को लेकर लोखर तलाई अपने घर वापस आया और घर का दरवाजा खटखटाया जब पत्नी एवं बच्चों द्वारा दरवाजा नहीं खोला गया तो डोंगर सिंह द्वारा घर का दरवाजा तोड़कर घर में रखें सब्जी काटने वाले चाकू से पत्नी पर हमला कर दिया । हमले में पत्नी 35 वर्षीय संगीता लहू लुहान हो गई उनको छाती गले में काफी छोटे आई हैं वहां मौजूद संगीता की बहन एवं बच्चों को भी चोटें आई। इस पूरी घटनाक्रम का दृश्य जब प्रेमीका कविता ने देखा तो उसने अपने आप को यहां से भागना ही उचित समझा और वह घटनास्थल से फरार हो गई। रात्रि में ग्रामीणों की मदद से संगीता को उपचार के लिए सिवनी मालवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। महिला की प्राथमिकं उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया।

### इनका कहना है

*आरोपी एक महीने से घर से बाहर था जो कल रात्रि में अपने घर पर पहुंचा पत्नी पर जानलेवा हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। आरोपी के खिलाफ मामला पंजीबद किया गया है उसी रोज उसकी गिरफ्तारी भी कर ली गई है जिसे आज न्यायालय में पेश किया जाएगा।*

***उषा मरावी**, थाना प्रभारी, सिवनी मालवा*

# प्रशासन की बिना अनुमति के कट रहे हैं नगर में प्लाट



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

नगर में अवैध कॉलोनी काटने वाले कॉलोनाइजर लोगों को पहले प्लाट दिखाकर मेहंगे दामों में बेच देते हैं और फिर सुविधा के नाम पर कुछ नहीं देते हैं। इसके साथ ही कॉलोनी की अनुमति, नाली, सड़क, पानी, सीवेज लाइन, परमिशन सहित अन्य चीजों की जांच भी होनी चाहिए जिससे कि लोगों को कोई दिक्कत ना हो। प्लाट काटने वाले कॉलोनाइजर अनुमति नहीं लेते हैं रजिस्ट्रेशन नहीं होता है डायवर्सन की अनुमति की दस्तावेज भी नहीं बनवा जाते हैं रेरा के नियमों का पालन भी नहीं होता है इसके साथ ही अन्य प्रकार की परमिशन भी इनके पास नहीं होती है कृषि भूमि को वर्ग फीट पर बेचकर महंगे दामों पर प्लांट बनाकर रजिस्ट्री भी हो जाती है और सुविधाओं के नाम पर कुछ भी नहीं होता शहर में ऐसी ही बहुत सी कॉलोनी है जिनमे सुविधाओं का अभाव है कॉलोनी में रहने वाले लोगों के लिए सड़क भी नहीं बनी है तथा बिजली के खंभे भी नहीं लगे हैं लकड़ी के खंभे लगाकर लाइट जल रही है जिससे कि नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर पालिका की बिना अनुमति के ही भवन निर्माण, नलकूप खनन हो रहे हैं नगर पालिका अनभिज्ञ है नगर पालिका द्वारा ऐसे कॉलोनाइजर जिन्होंने की महंगे दामों पर वर्ग फीट में प्लाट बेचे हैं कार्रवाई की जाएगी या जो प्लाट बेचकर खाली पड़े हुए हैं उन प्लॉट मालिकों पर कार्रवाई करेगी शहर में अवैध कॉलोनी की भरमार है तथा सुविधाओं के नाम पर शून्य है बरसात के दिनों में भी सड़क पर वार्ड वासियों को कीचड़ से सामना करना पड़ता है तथा जो खाली प्लाट पड़े हुए हैं उनमे जहरीले जीव जंतु पैदा हो जाते हैं। क्या ईश और शासन और प्रशासन ध्यान देगा।

**नगर में अवैध कॉलोनियों की भरमार, जिनमे सुविधाओं का अभाव**

### मतगणना परिसर में केवल पासधारी व्यक्तियों को ही दिया जाएगा प्रवेश

# जिले की चारों विधानसभा खण्डों की मतगणना के लिए लगाई 68 टेबल

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा चुनाव 2024 के तहत जिले की चारों विधानसभा खण्डों में हुए मतदान की मतगणना 4 जून को प्रातः 8 बजे से डाक मतपत्र एवं 8:30 बजे से ईवीएम के मतों की गणना जिला मुख्यालय स्थित शासकीय संभागीय आईटीआई कॉलेज में होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना ने बताया कि मतगणना स्थल पर मतगणना के लिए सभी आवश्यक तैयारिया लगभग पूर्ण कर ली गई है। 03 जून को तैयारियों को अंतिम रूप देकर शाम 04 बजे ड्राय रन किया जाएगा। इस तरह रहेगी मतगणना टेबलो की व्यवस्था, विधानसभावार मतगणना टेबल/ ईव्हीएम की जानकारी संसदीय क्षेत्र अंतर्गत मतगणना स्थल शासकीय ओद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), नर्मदापुरम में होगी इसके अंतर्गत विधानसभा खंड क्रमांक 136-सिवनीमालवा के लिए 18 टेबल पर 18 राउंड में कुल 318 इव्हीएम की मतगणना की जाएगी। इसी तरह से 137- होशंगाबाद की मतगणना के लिए 14 टेबल पर 17 राउंड में कुल 238 ईव्हीएम मशीनो की गणना की जाएगी। 138- सोहागपुर 18 टेबल पर 18 राउंड में कुल 314 इव्हीएम की मतगणना की जाएगी। 139-पिपरिया 18 टेबल पर 18 राउंड में कुल 317 इव्हीएम की मतगणना की जाएगी। संसदीय क्षेत्र अंतर्गत विधानसभा खंड क्रमांक 119 - नरसिंहपुर में 18 टेबलो पर कुल 15 राउंड में 258 ईव्हीएम की गणना होगी। इसी तरह से 120 - तेंदूखेड़ा 15 टेबलो पर कुल 15 राउंड में 222 ईव्हीएम की गणना होगी। 121-गाडरवाड़ा की मतगणना के लिए 16 टेबल पर राडंड 15 में 228 ईव्हीएम की गणना कृषि उपज मंडी नरसिंहपुर में होगी। इसी तरह से 140-उदयपुरा की मतगणना शासकीय पॉलिटेकनिक कॉलेज रायसेन में संपन्न की जावेगी गणना के लिए 21 टेबल पर 15 राउंड में 308 ईव्हीएम मशीनो की गणना की जाएगी।



### 76 सीसीटीवी कैमरों से की जाएगी निगरानी

मतगणना स्थल पर स्ट्रांग रूम सहित सभी विधानसभा खण्डों के मतगणना हॉल एवं संभागीय आईटीआई परिसर की गतिविधियों की सीसीटीवी कैमरों से मॉनिटरिंग की जाएगी। नोडल ऑफिसर एवं डिप्टी कलेक्टर असवन राम चिरावन ने बताया कि मॉनिटरिंग के लिए कुल 76 सीसीटीवी कैमरे लगाएं गए हैं। सभी विधानसभाओं खण्डों की निगरानी के लिए मतगणना स्थल पर एक केंद्रीकृत कंट्रोल रूम बनाया गया हैं।

### मतगणना स्थल पर ट्रैफिक व्यवस्था

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत 4 जून 2024 मंगलवार को होशंगाबाद के संसदीय क्षेत्र पिपरिया, सिवनीमालवा, होशंगाबाद एवं सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र के मतों की मतगणना मतगणना शासकीय औद्योगिक संभागीय आ ा इ ्ट ा आ ा इ ् महाविद्यालय में की जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना स्थल पर प्रवेश के लिए व्यवस्थाएं निर्धारित कर बताया है कि पार्किंग 1 परिसर - शासकीय कर्मचारी, मीडिया एवं पुलिस वाहन के लिए निर्धारित किया गया है। इसी तरह से पार्किंग 2- अनाज मंडी पार्किंग पॉलिटिकल एजेंट के वाहन के लिए, पार्किंग 3- गेट नं. 4 के सामने अभ्यर्थी वाहन के लिए, पार्किंग 4 - नवीन जिला जेल के सामने-काउंटिंग एजेंट के वाहन के लिए, पार्किंग 5 - शासकीय माध्यमिक विद्यालय, काउंटिंग एजेंट के वाहन के लिए तथा पार्किंग 6- दस्तूर गार्डन के सामने, काउंटिंग एजेंट के वाहन के लिए निर्धारित रहेंगे। आयोग के निर्देश अनुसार मतगणना कक्ष के भ्रमण के दौरान मोबाइल ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित होगा। मीडियाकर्मी केवल मतगणना स्थल पर बने मीडिया सेंटर तक मोबाइल, कैमरा, लैपटॉप, ट्रायपॉड ले जा सकेंगे। मतगणना कक्ष के भ्रमण के दौरान मीडिया के लिए चिन्हित स्थान तक अल्प अवधि के लिए मीडिया कर्मियों को वीडियो कैमरा एवं स्टील कैमरा ले जाने की अनुमति होगी।

### मतगणना स्थल पर प्रवेश की व्यवस्था

मतगणना स्थल पर बिना प्रवेश पास के किसी को भी प्रवेश नही दिया जाएगा। मतगणना स्थल के गेट कमांक 4 से शासकीय कर्मचारी एवं भारत निवार्चन आयोग द्वारा जारी प्राधिकृत पत्र प्राप्?त मीडिया कर्मी परिसर में प्रवेश करेंगे। शासकीय कर्मी मतगणना हेतु गेट कमांक-5 से प्रवेश कर सकेंगे। गेट कमांक 3 से काउंटिंग एजेंट का प्रवेश होगा। गेट कमांक 1 से वरिष्ठ अधिकारी एवं स्ट्रांग रूम के एजेंट प्रवेश कर सकेंगे। मतगणना के दौरान मीनाक्षी चौक एवं डबल फाटक से आईटीआई की ओर जाने वाले भारी वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। हरियाली तिराहा एवं महिला जेल तिराहा से आईटीआई की ओर जाने वाले समस्त वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। केवल अभ्यर्थी तथा मतगणना कार्य में लगे शासकीय अधिकारी/ कर्मचारी एवं पुलिस वाहन प्रवेश कर सकेंगे। हरियाली तिराहा से हाउसिंग बोर्ड कालोनी होकर जेल तिराहे तक समस्त चार-पहिया वाहन एवं दो पहिया वाहन आवागमन कर सकेंगे।

# छात्र की सफलता का गर्व शिक्षक के चेहरे से झलकता है: सीईओ



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

शिक्षक का पुत्र होने के नाते मैंने जीवन में छात्र की सफलता से अपने शिक्षक पिता को गर्वित होते हुए देखा है। वही आत्म संतोष आपको भी अनुभव होगा जब आप बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की सुविधा उपलब्ध करा पाएंगे। यह बात जिला शिक्षा केंद्र द्वारा आयोजित एफ एल एन वर्कशॉप ÷नींव ÷के मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सोजान सिह रावत ने कही। मां सरस्वती के पूजा अर्चना एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। डीपीसी डॉ राजेश जायसवाल ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला एवं नवीन शिक्षा सत्र की तैयारी के लिए शासन से प्राप्त निर्देशों से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए एपीसी अकादमिक डॉक्टर विनीत साहू ने गत वर्ष किए गए एफ एल एन गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया। मास्टर ट्रेनर्स ने प्रतिभागियों से रोचक गतिविधियां कराई और शिक्षक संदर्शीका में दिए गए बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। आयोजन स्थल चैंप्स फन स्कूल के प्राचार्य डॉ आशीष चटर्जी ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए शासन द्वारा किये प्रयासों के प्रति प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सकारात्मक योगदान का संदेश दिया। वर्ष में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए सभी बीआरसी ने मुख्य अतिथि के हाथों प्रमाण पत्र प्राप्त किये। जिससे शिक्षकों की समस्याओं को भी जाना जा सके तथा उन्हें प्रोत्साहित किया जा सके।

# वाल्मिकी समाज के मंदिर का भूमिपूजन

**इटारसी।** वाल्मिकी समाज के संत वाल्मिकी महाराज के मंदिर निर्माण का भूमिपूजन वाल्मिकी कालोनी मालवीयगंज में किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम में समाज के नवनियुक्त अध्यक्ष भाजपा नेता दिलीप मैना मुख्य अथिति के रूप में मौजूद रहे। मैना ने समाज का अध्यक्ष बनने से पहले इस मंदिर की छत डलवाने की घोषणा की थी। रविवार को उसी कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस मंदिर का निर्माण करने के लिए समाज के अध्यक्ष दिलीप मैना ने 50 हजार रुपए देने की घोषणा की है। वही समाज के अन्य सदस्यों ने भी मंदिर निर्माण के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान किया है। मंदिर की छत के निर्माण कार्य के भूमिपूजन के अवसर पर पंचायत के सदस्यों में सतीश डागर, पुनीत गोहर, महेश धूरिया, विजय धौलपुरिया, मुकेश सारवान, शुभम मैना, सोनू मैना, ब्रजेश डागोरिया, सुरेश खेरलिया, वेदप्रकाश टंक, रामू पारछे, पप्पू बोहोत, रामनाथ महरोलिया, विपिन ऊंटवाल, सुमारी बेहनपाल, मंतेश दुलाक्षे, राजेश वासु, नंदकिशोर आदि मौजूद थे।



# केन्द्रीय जेल के 20 बंदियों को लिफाफा, फाइल फोल्डर निर्माण प्रशिक्षण दिया

**नर्मदापुरम।** केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम के 20 बंदियों को एनवलप, फाइल फोल्डर निर्माण प्रशिक्षण उपरान्त समापन के अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार का प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया। अधीक्षक केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा निरीक्षण के दौरान जेल में परिरूद्ध बंदियों हेतु स्वरोजगार प्रशिक्षण प्रदाय किये जाने के निर्देश दिये गये थे। कलेक्टर के मार्गदर्शन के अनुक्रम में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान नर्मदापुरम के माध्यम से केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम खंड 'ब' के 20 बंदियों का पंजीयन कराया जाकर 10 दिवसीय एनवलप , फाइल फोल्डर निर्माण प्रशिक्षण का आयोजन दिनांक 20 मई से 29 मई तक किया गया।




उक्त आयोजित 10 दिवसीय एनवलप, फाइल फोल्डर निर्माण प्रशिक्षण का संचालन आरसेटी की प्रशिक्षक सुश्री प्रभा गौर द्वारा किया गया एवं केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम के पात्र 20 पुरुष बंदियों को एनवलप , फाइल फोल्डर निर्माण प्रशिक्षण दिया जाकर 30 मई को 10 दिवसीय एनवलप, फाइल फोल्डर निर्माण प्रशिक्षण÷ के समापन के अवसर पर प्रशिक्षण में प्रशिक्षित हुये बंदियों को ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार का एनवलप, फाइल फोल्डर निर्माण प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र प्रदाय किये गये एवं मुद्रा लोन अंतर्गत जानकारी दी गई एवं प्रशिक्षित इच्छुक बंदियों को ऋष्ण प्रदाय कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

**मेट्रो एंकर**

### खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के अंतर्गत अग्रिम कार्यवाही हेतु नोटिस जारी

# इटारसी में खाद्य प्रतिष्ठानों पर की गई छापामार कार्यवाही, जांच के लिए खाद्य पदार्थ के 8 सेंपल





**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

एस डी एम टी. प्रतीक राव के निर्देशन में रविवार को शहर में तहसीलदार सुनीता साहनी, खाद्य आपूर्ति विभाग तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा रेलवे फूड कैटर्स के निर्माण इकाईयो पर छापामार कार्यवाही की गई। 12 बंगला स्थित राहुल इंटरप्राइजेज, सत्कार कैटरर्स, मानसिंह भदोरिया कैटरिंग, राजू बघेल कैटरर की जांच करने पर पाया गया,कि अधिकतर परिसर बिना खाद्य लाइसेंस के चल रहे है साथ ही अत्यंत गंदगी युक्त परिसर में रेलवे प्रतिष्ठान के लिए भोजन का निर्माण किया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी के दल ने इन प्रतिष्ठानों से खाद्य तेल मिर्च पाउडर, आलू मटर की सब्जी, समोसे, समोसे का मसाला एवं खाद्य तेल के कुल 08 नमूने लिए। साथ ही मौके पर 08 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए।

उक्त परिसरो में अत्यधिक गंदगी एवं खाद्य लाइसेंस संबंधी अनियमितताएं पाए जाने के कारण तत्काल उन परिसरो को बंद कराया गया। उक्त अनियमितताओं के चलते खाद्य व्यवसायियों को खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के अंतर्गत अग्रिम वैधानिक कार्यवाही हेतु नोटिस जारी किए जा रहे हैं। उक्त कार्यवाही में खाद्य विभाग से खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश दियावार एवं जितेंद्र सिंह राणा, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी मृगी अग्रवाल उपस्थित रहे।



पटवारी, आरआई का अजब और गजब कारनामा

# तहसीलदार के आदेश का उल्टा अमल, किसान ने की शिकायत खुली पोल?

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

विकासखंड में ऐसे बड़े कारनामों को अंजाम दिया जा रहा है जिनको देखकर अधिकारी भी भौचक रह गए गड़बड़ी करने के लिए पहले से ही चर्चाओं में कई पटवारी पटवारी हैं। दूसरी और एक पटवारी तथा आर आई के द्वारा ऐसे कार्य को अंजाम दिया गया है या फिर काहे की यह अधिकारियों से ऊपर हो गए हैं। तभी तो खुलेआम तहसील न्यायालय के आदेशों की अवहेलना करते हुए अपने हिसाब से नियमों बनाकर सरकारी अभिलेख में अमल करने का काम भी किया जा रहा है ,इससे तो यही प्रतीत होता है यह जो चाहे वह कर सकते हैं । तभी तो तहसीलदार के द्वारा किए गए आदेश के विपरीत अमल करने का मामला सामने आया है। किसान की शिकायत के बाद राजस्व अधिकारी भी हर हैरान है कि उनके आदेश के विपरीत भी आर आई पटवारी अपने हिसाब से काम कर सकते है। शिकायत सामने आने के बाद आर आई अमित गुप्ता और पटवारी पंकज श्रीवास्तव की मुश्किलें बढ़ गई है पहले ही झंडवा के पटवारी शुभम पटेल के द्वारा किसान भूपेंद्र सिंह दांगी से सीमांकन के बदले में 20000 रुपए मांगने का ऑडियो वायरल हुआ है। इस मामले को लेकर एसडीएम के द्वारा आर आई तथा पटवारी को नोटिस जारी किया गया है। उस मामले में भी जवाब नहीं दे पाए इससे पहले दूसरा इतना गंभीर मामला सामने आया है। हो सकता है इससे पहले भी ऐसे कार्य इनके द्वारा किए जा चुके हो जांच के बाद उनका भी खुलासा हो सकता है।



### किसान ने एसडीएम को दिया आवेदन

कांकरखेडी के किसान नरेंद्र सिंह गुर्जर ने एसडीएम हर्षल चौधरी को आवेदन देते हुए कहा बटन का प्रकरण क्रमांक 237 का आदेश तहसील न्यायालय 1 के द्वारा, 27 मार्च को आदेश जारी किया गया था उसके विपरीत अमल करने का काम आर आई अमित गुप्ता और पटवारी पंकज श्रीवास्तव के द्वारा अपने हिसाब से करते हुए जो नंबर तहसील न्यायालय के द्वारा स्वीकृत बटान में दिए हैं उन नंबरों की अदला बदली करने का काम किया गया साथ ही नशे में भी काट छांट की गई है पूरे मामले की जांच कर आर आई एवं पटवारी पर तहसील न्यायालय के आदेश की अवहेलना करके शासकीय रिकॉर्ड में गड़बड़ी करने पर कठोर कार्रवाई की जाए तथा इन पर 420 भी का प्रकरण भी दर्ज करवाया जाए। वहीं उन्होंने मांग करते हुए कहा कि तहसील न्यायालय के द्वारा जो आदेश किया गया है उसकी को अमल करवाया जाए।

### जांच हुई तो कई मामले आएंगे सामने

इस तरह से तहसील न्यायालय के प्रकरणों में जो आदेश पारित होते हैं उनके विपरीत काम करने का कार्य पहले भी किया गया है। यदि पहले ही ठोस कार्रवाई की गई होती तो इस तरह के मामलों पर रोक लगा सकती थी। वहीं गंभीरता से जांच कराई जाती है तो कई किसान भी शिकायत करने के लिए आ सकते हैं ,इस तरह का खेल लंबे समय से चल रहा है। इसके अलावा पिछले दिनों जितने भी आदेश हुए हैं उन सब की जांच कराई जाती है तो बड़े फर्जीवाड़े से पर्दा भी उठ सकता है। विकासखंड में एकमात्र आर आई होने के कारण इनकी एक तरफ चल रही है। इनके कारनामों से जहां अधिकारी हैरान है कई बार तो अधिकारियों को भी गुमराह करने का काम कर देते हैं उनकी बातों को भी हल्के में लेने का काम इनके द्वारा किया जाता है, इसकी चर्चाएं भी हमेशा होती हैं। सूत्र बताते हैं जब तक इनको मेवा नहीं मिलती है तब तक है किसी का काम नहीं करते हैं इस वजह से यहां ज्यादा चर्चित हैं। कई नेता भी परेशान है, कई पटवारी के द्वारा ऐसे काम कर दिए जाते हैं जिनकी वजह से किसानों के बीच में विवाद की स्थिति निर्मित हो नशे में कुछ और डाल दिया जाता है और प्रकरणों से आदेश उनमें अलग होते हैं। इस वजह से कई किसानों के बीच में विवाद की स्थिति भी निर्मित हो रही है। इतनी बड़ी गलती करने वाले आर आई और पटवारी पर प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी कितनी ठोस कार्रवाई कर पाएंगे या नहीं।

### पहले से ही चर्चाओं में है

रुसल्ली दाम के नटवरलाल पटवारी कमलेश सप्रे से साठ गांठ करके शासकीय रिकॉर्ड में हेरा फेरी करवाकर सरकारी जमीन को अपने नाम दर्ज करवाकर लाखों रुपए की केसीसी बनाने का मामला भी पहले सामने आ चुका है। इस काम को तत्कालीन पटवारी कमलेश सप्रे ने किया था किसानों की शिकायत के बाद हमारे संवाददाता ने जैसे ही मामला उठाया तो एसडीएम ने जांच के बाद उक्त जमीन को फिर से सरकारी करके पटवारी पर कार्रवाई प्रारंभ की ऐसे कई और मामले भी पहले से चल रहे हैं, जिनके रिकॉर्ड में गड़बड़ी करने की गई है।

### इनका कहना है

*तहसील न्यायालय के आदेश के विपरीत अमल करने में जो भी दोषी पाया जाएगा उन पर दंडात्मक कार्रवाई करेंगे।*

*हर्षल चौधरी, एसडीएम*

# तीर्थ क्षेत्र में साईनाथ मंदिर निर्माण पर बजरंग दल ने की रोक की मांग

**सिरोंज।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के मध्य भारत प्रांत प्रखण्ड के द्वारा कलेक्टर महोदय के नाम एसडीम को ज्ञापन देते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा साई बाबा को मुस्लिम घोषित किया गया है। ट्रस्ट ने कोर्ट में श्रीशंकराचार्य स्वरूपानंद सरस्वती जी से माफी मांगी है और साई वावा को मुस्लिम स्वीकार किया तभी से मंदिर एवं धार्मिक क्षेत्रो से बाबा की मूर्तियों को हटाना प्रारंभ हो गया है।

यह है कि सिरोंज शहर में जटा शंकर मंदिर में एक महत्वपूर्ण तीर्थ क्षेत्र है। इस तीर्थ क्षेत्र में अनेकों हिंदू देवी देवताओं के अति प्राचीन मंदिर बने हुए है। मुख्य रूप से श्री हनुमान जी का मंदिर, शंकर जी श्री बांके बिहारी जी का मंदिर है। थोड़ी दूर पर सिया राम बाबा आश्रम है उनके आस पास श्री दुर्गा जी का मंदिर, श्री राम-सीता जी मंदिर है। इस तरह यह संपूर्ण क्षेत्र पूर्णता हिन्दू धार्मिक आस्थाओं का केन्द्र है। श्री शंकराचार्य जी के निर्देशानुसार कहीं पर हिंदू तीर्थ क्षेत्र में साई मंदिर नहीं बनना है और जो मंदिर है भी तो उनको भी धार्मिक स्थलों से दूर करना है।

संगठन यह मांग करता है कि साई बावा मंदिर का काम तत्काल प्रभाव से रोका लगाकर मूर्ति की स्थापना किसी भी स्थिति में चांद मिया अफगानी उर्फ साइनाय शंकर तीर्थ क्षेत्र में न कीं। जाए यदि की जाती है तो संगान को उग्र आंदोलन करने के लिए उतरेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

### इनका कहना है -

*हमारे किसी भी धार्मिक क्षेत्र में साई बाबा के मंदिर निर्माण का हम विरोध करेंगे हमने अभी प्रशासन से निर्माण कार्य रोकने के लिए ज्ञापन दिया है। आवश्यकता पड़ी तब हम आंदोलन भी करेंगे।*

*जगदीश शाक्य*
*जिला संयोजक विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल*

मतगणनाकर्मियों का द्वितीय रेंडमाइजेशन हुआ

# जिले की पांचों विधानसभाओं के लिए 270 गणनाकर्मी नियुक्त

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

मतगणना के लिए नियुक्त प्रेक्षक श्रीमती विद्युत वरखेड़कर की मौजूदगी में मतगणना कार्यो को संपन्न कराने हेतु नियुक्त मतगणना कर्मियों का द्वितीय रेंडमाइजेशन एनआईसी व्हीसी कक्ष में रविवार को किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बुद्धेश कुमार वैद्य, अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर,उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती मोहिनी शर्मा, विदिशा एवं शमशाबाद विधानसभा के एआरो तथा संयुक्त कलेक्टर श्री विनित तिवारी उपस्थित रहें।

एनआईसी के डीआईओ श्री एमएल अहिरवार के द्वारा आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुए रेंडमाइजेशन की संपूर्ण प्रक्रिया को संपन्न कराया गया है। इस दौरान बतलाया गया कि जिले की हरेक विधानसभा के लिए निर्धारित कक्षों में विधानसभा वार 14 - 14 टेबलों पर मतगणना कार्यो को किया जाएगा। प्रत्येक टेबल के लिए गणना कर्ता, सहायक तथा माइक्रो आब्जर्वर की तैनाती की गई है। इसके अलावा एआरओ टेबल के समीप भी माइक्रो आब्जर्वर मौजूद रहेंगे। वही दस माइक्रो आब्जर्वर और पांच सीए को रिजर्व में रखा गया है।

अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर ने बताया कि मतगणना कार्मियों को द्वितीय रेंडमाइजेशन पश्चात विधानसभा आवंटित की गई हैं। जिला कार्यालय प्रमुखों को सूची प्रेषित की गई है। उन्हें अपने अधीनस्थ पदस्थ अधिकारियों, कर्मचारियो के आवंटित विधानसभा अनुसार मतगणना परिचय पत्र एनआईसी विदिशा से प्राप्त कर वितरण सुनुश्चित करें के निर्देश संबंधितों को प्रसारित किए गए हैं। अपर कलेक्टर श्री डामोर ने समस्त जिलाधिकारियों से कहा है कि अपने अधीनस्थ अमले को सूचित करना सुनिश्चित करेंगे।





### मतगणना के लिए दो प्रेक्षक नियुक्त

निर्वाचन आयोग द्वारा विदिशा जिले की पांचों विधानसभाओं में मतगणना प्रक्रिया को संपादित कराने के लिए दो मतगणना प्रेक्षक नियुक्त किए गए हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना स्थल शासकीय आदर्श महाविद्यालय जाफरखेड़ी में भू तल और प्रथम तल के लिए पृथक पृथक प्रेक्षक नियुक्त किए गए हैं। भूतल के कक्षों में मतगणना कार्यो के लिए श्रीमती विद्युत वरखेड़कर को नियुक्त किया गया है। प्रेक्षक श्रीमती वरखेड़कर की निगरानी में विदिशा, सिरोंज एवं शमशाबाद विधानसभा की मतगणना कार्य को संपादित किया जाएगा। इसी प्रकार मतगणना परिसर के प्रथम तल पर मतगणना कार्यो के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा श्री नाबा कुमार बर्मन को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। श्री बर्मन मतगणना स्थल शासकीय आदर्श महाविद्यालय जाफरखेड़ी में प्रथम तल पर बासौदा एवं कुरवाई विधानसभा की मतगणना कार्य को संपादित कराएंगे, मतगणना प्रेक्षक श्रीमती वरखेड़कर ने जायजा लिया।भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विदिशा जिले की विधानसभाओं के लिए नियुक्त मतगणना प्रेक्षक श्रीमती विद्युत वरखेड़कर ने रविवार को मतगणना स्थल शासकीय आदर्श महाविद्यालय जफरखेड़ी में पहुंचकर जायजा लिया है। प्रेक्षक श्रीमती विद्युत वरखेड़कर ने मतगणना कक्षों में किए गए प्रबंधों का बारीकियों से अवलोकन कर अनेक बिंदुओं की पूर्ति के लिए आवश्यक निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर विदिशा एसडीएम एवं एआरओ क्षितिज शर्मा ने विधानसभा वार बनाए गए स्ट्रांग रूम और मतगणना कक्ष में किया जा रहे प्रबंधों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी उन्होंने आयोग के द्वारा निर्धारित प्रपत्रों को समय सीमा में जानकारियां दर्ज कर उपलब्ध कर प्रेषित करने के लिए किए गए प्रबंधो से भी अवगत कराया है। प्रेक्षक श्रीमती विद्युत वरखेड़कर को मतगणना कक्ष में राजनीतिक दलों के नियुक्त होने वाले गणना अभिकर्ताओं की बैठक व्यवस्था के लिए तय किए गए पैरामीटर से भी अवगत कराया है ।

### सीसीटीवी का जायजा

प्रेक्षक श्रीमती वरखेड़कर ने भ्रमण के दौरान सीसीटीवी के लाइव प्रसारण व्यवस्था का अवलोकन किया साथ ही अभ्यर्थियों के द्वारा सीसीटीवी के अवलोकन हेतु नियुक्त कर्मचारियों से संवाद किया और प्रसारण के बारे में जानकारी प्राप्त कर क्रॉस मनीटरिंग की है।

# गाय के बछड़े को टक्कर मारने पर ड्राइवर को जमकर पीटा, हालत नाजुक, किया रेफर

**सिरोंज।** रविवार को आरोन मार्ग पर टोल के पास में ग्राम बरेंडा पर तिरुपति बस के चालक की बुरी तरह से मारपीट करने का मामला सामने आया है। गाय के बछड़े को टक्कर मारने को लेकर ग्रामीण उत्तेजित हो गए उन्होंने बस के चालक को गंभीर रूप से घायल कर दिया इसके बाद उसको अस्पताल लाया गया हालत खराब होने पर रेफर कर दिया विवाद की जानकारी लगने पर थाना प्रभारी संदीप सिंह पंवार मौके पर पहुंच गए मामले को शांत करवाया। उन्होंने बताया कि तिरुपति बस के चालक ने गाय के बछड़े को टक्कर मार दी उसके बाद बरेंडा से आए कुछ लोगों ने ड्राइवर के साथ मारपीट की है इस वजह से उसको ज्यादा चोट आई है। हालत गंभीर होने पर रेफर किया गया है दोनों पक्षों से अभी कोई भी रिपोर्ट दर्ज करने के लिए नहीं आया है। पूरे मामले की हम जांच करवा रहे हैं। दूसरी ओर यहां पर काफी देर तक विवाद होता रहा इस वजह से यात्रियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा थाना प्रभारी ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत करवाया और यात्रियों को अपने-अपने स्थान तक पहुंचाने की व्यवस्था कराई।

# बिजली की लुका छुपी ने बढ़ाई मुश्किलें, पानी के लिए भी लोग हो रहे परेशान

**सिरोंज।** गर्मी के कारण लोगों की वैसे ही हालत हो रही है दूसरी ओर बिजली वितरण कंपनी के द्वारा भी शहर वासियों की चिंताएं कम करने की जगह बढ़ाने का काम किया जा रहा है। अघोषित बिजली कटौती के कारण लोगों की परेशानियां बढ़ गई है कभी भी बिजली चली जाती है जो कई घंटे तक गुल रहती है। इस वजह से गर्मी के कारण लोगों की हालत हो और भी ज्यादा खराब हो रही है गर्मी अधिक होने के कारण कूलर पंखे साथ नहीं दे रहे हैं। इसी बीच बिजली गायब रहने से और भी ज्यादा दिक्कतें हो रही हैं । आए दिन लाइनों का मेंटेनेंस करने का काम भी किया जा रहा है। उस दौरान भी कई घंटे बिजली गायब रहती है इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। दूसरी और आने वाले दिनों में क्या हालात होंगे जब मानसून दस्त देगा तेज हवाएं चलने पर बिजली से और भी ज्यादा दो-चार होना पड़ेगा। बिजली के कारण पानी की दिक्कत का भी कई लोगों को सामना करना पड़ा रहा है। वैसे ही नगर पालिका के द्वारा भी पानी की सप्लाई बाधित की गई है इसी बीच निजी बोरो से पानी निकलना भी मुश्किल हो रहा है बिजली नहीं रहने के कारण।

# समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की अवधि में वृद्धि, अब 25 जून तक होगी गेहूं की खरीदी

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

विदिशा जिले में रबी उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से समर्थन मूल्य (2275 प्लस बोनस 125 कुल 2400 रूपये प्रति क्विंटल) पर गेहूं उपार्जन का कार्य जारी है। म.प्र.शासन द्वारा रबी वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन की अवधि बढ़ाई गई है। कृषि उपज मंडियों में गेंहू की आवक एवं किसानों को समर्थन मूल्य योजना का लाभ प्रदान करने हेतु पुनः उपार्जन की अवधि में वृद्धि की गई है। जिसके अनुसार जिले में अब गेंहू का उपार्जन 25 जून 2024 तक किया जाएगा। बासौदा विकासखंड की कृषि उपज मंडी गंजबासौदा स्थित उपार्जन केंद्र विपणन सहकारी समिति मर्यादित बासौदा, कुरवाई की कृषि उपज मंडी स्थित विपणन सहकारी समिति मर्यादित कुरवाई, लटेरी की कृषि उपज मंडी स्थित विपणन सहकारी समिति मर्यादित लटेरी तथा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति गोदाम ग्राम भीलखेड़ी स्थित सेवा सहकारी समिति मर्यादित लटेरी, शमशाबाद नटेरन की कृषि उपज मंडी शमशाबाद स्थित विपणन सहकारी समिति मर्यादित नटेरन शमशाबाद, सिरोंज की कृषि उपज मंडी स्थित विपणन सहकारी समिति मर्यादित सिरोंज, विदिशा की कृषि उपज मंडी स्थित विपणन सहकारी समिति मर्यादित विदिशा तथा स्टील सायलो पठारी हवेली स्थित सेवा सहकारी समिति मर्यादित विदिशा के अलावा ग्यारसपुर विकासखंड की कृषि उपज मंडी गुलाबगंज स्थित सेवा सहकारी समिति मर्यादित बरीघाट गुलाबगंज इन सभी 09 उपार्जन केन्द्रों पर 25 जून तक पंजीकृत किसानों से गेहूं की खरीदी कार्य किया जाएगा।

मेट्रो एंकर

मुनि श्री 108 अजीत सागर महाराज के संनिध्य में

# जैन समाज के दो मंदिरों का हुआ शिलान्यास, भूमि पूजन





सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

मुनि श्री 108 अजीत सागर महाराज के संनिध्य में जैन समाज के दो नवीन मंदिरो का भूमि पूजन व शिलान्यास हुआ। जिसमें छत्री नाका चौराहा पर नवीन मंदिर का निर्माण होगा। वही पुरानी सब्जी स्थित पचखनी जैन मंदिर का पुनः निर्माण के लिए रविवार को आधार शिलाए रखी गई। जिसमें साक्षी के रूप में मुनि संघ,प्रतिष्ठाचार्य पं प्रदीप भाईया अशोकनगर के अलावा जैन समाज के सेकेडों पुरूष, महिलाए, युवा, युवतिया, बुजुर्ग मौजूद रहें। आचार्य मुनि श्री 108 सुधा सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद एवं पूज्य मुनि श्री 108 अजित सागर जी महाराज,पूज्य मुनि श्री 108 निराग सागर जी महाराज,ऐलक 105 विवेकानंद सागर जी महाराज के ससंघ सानिध्य में भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह संपन्न हुआ। प्रातः 6 बजे श्री 1008 पार्श्वनाथ जिनालय पचखनी जैन मंदिर का भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसके पश्चात बड़े मंदिर से शोभा यात्रा के साथ मुनि श्री नवीन भव्य जिनालय के शिलान्यास के लिए छत्री नाका चौराहा पहुंचे। श्री जी की शोभा यात्रा में नवयुवक मंडल का दिव्य घोष ने अपना भव्य प्रदर्शन किया। वही सर्वप्रथम श्री जी की अभिषेक शांति धारा एवं पूजन संपन्न हुई इसके पश्चात आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज का दीप प्रज्वलन एंव पूजन समाज के श्रेस्टी जन द्वारा की गई। मंदिर निर्माण के लिए भूमि दान देने वाले शनिचरा परिवार का समाज के श्रेस्टी जन ने छत्री मंदिर निर्माण समिति द्वारा उनका स्वागत किया गया इसके पश्चात सकल दिगंबर जैन समाज ने दान देकर मुख्य सिला बीजाक्षर सिला चांदी के स्वास्तिक रखकर शिलान्यास का कार्यक्रम को संपन्न किया। इसके पश्चात मुनि श्री के मंगल प्रवचन हुए। साथ ही मुनि श्री ने दान की महिमा को बताया और नसिया एवं नवीन छत्री मंदिर जिनालय एवं पचखनी मंदिर को बनाने हेतु लोगों को प्रोत्साहित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में जैन समाज जन मौजूद थे।







### 26 साल के हसरंगा को कप्तानी; 2021 के वर्ल्डकप में ली थी हैट्रिक

# वर्ल्ड कप में आज श्रीलंका और साउथ अफ्रीका की होगी भिड़ंत

**अहमदाबाद, एजेंसी**

2021 का वर्ल्ड कप, साउथ अफ्रीका पारी के 15वें ओवर की आखिरी बॉल मिस्ट्री स्पिनर हसरंगा ने एडेन मार्करम को क्लीन बोल्ड कर दिया। साउथ अफ्रीका, श्रीलंका के 142 रन के स्कोर का पीछा कर रही थी। श्रीलंका के गेंदबाजों के लिए ये स्कोर डिफेंड करना असंभव सा था, लेकिन 23 साल के हसरंगा ने मैच जीतने की उम्मीद जगा दी। 14.6 पर मार्करम, 17.1 पर तेम्बा बावुमा और 17.2 बॉल पर ड्वेन प्रिटोरियस को आउट कर हसरंगा ने हैट्रिक ली। छोटे टारगेट का पीछा कर रही साउथ अफ्रीका के 6 गिर चुके थे और स्कोर था 112 रन। श्रीलंका को जीत दिखने लगी, 16 गेंदों पर साउथ अफ्रीका को 30 रन चाहिए थे। बॉलर्स और फील्डर्स ने मेहनत की। लेकिन 142 का स्कोर काफी छोटा था और साउथ अफ्रीका एक गेंद बाकी रहते जीत गई। वहीं हसरंगा आज श्रीलंकाई टीम के कप्तान हैं और आज फिर टी-20 वर्ल्ड कप में दोनों टीमें आमने-सामने हैं। श्रीलंकाई टीम की एवरेज एज 27 साल है। सिर्फ एंजेलो मैथ्यूज ऐसे खिलाड़ी हैं, जो 35 साल से ऊपर हैं। सामने है साउथ अफ्रीका, जो पिछले वर्ल्ड कप में कुछ खास नहीं कर पाई। सुपर 12 राउंड से बाहर हो गई थी। लेकिन इस बार टीम में कुछ ऐसे प्लेयर्स हैं, जो फॉर्म में हैं। जिससे अब इनकी टीम युवा जोश और अनुभवी खिलाड़ियों का कॉम्बिनेशन है।




### स्टार्स खिलाड़ियों पर रहेंगी नजरें

**क्विंटन डी कॉक-** साउथ अफ्रीकन ओपनर डी कॉक अभी आउट ऑफ फॉर्म चल रहे है। डी कॉक ने इस आईपीएल के 11 मैच में 250 रन बनाए है, लेकिन उन्होंने कई बार टीम को हारे मैच में जीत दिलाई है। वर्ल्ड कप में उन्होंने 18 मैच खेले हैं। 410 रन बनाए हैं। हाईएस्ट स्कोर 63 रन है। इसमें बांग्लादेश के खिलाफ मैच पलटने वाली 63 रन की पारी भी शामिल है।

**हेनरिक क्लासन -** इस साल टी-20 के सबसे सफल बल्लेबाज हैं। क्लासन विस्फोटक बल्लेबाज हैं। सिक्स हिटिंग एबिलिटी उनको मजबूत बनाती है। मिडिल-लोअर आर्डर पर खेलते हुए वें साउथ अफ्रीका टीम को मजबूती दे सकते हैं। इस बार आईपीएल में क्लासन की मदद से हैदराबाद ने 3 बार 250+ का स्कोर ख?ा किया है। क्लासन ने आईपीएल के 16 मैच में 171 के स्ट्राइक रेट से 479 रन बनाए हैं।

**एनरिक नॉर्त्या -** साउथ अफ्रीकन टीम के वर्ल्ड कप स्क्वॉड के सबसे तेज पेसर एनरिक नॉर्त्या है। उन्होंने वर्ल्ड कप के 10 मुकाबलों में 20 विकेट लिए हैं। नॉर्त्या ने बेस्ट गेंदबाजी नीदरलैंड टीम के खिलाफ 2022 वर्ल्ड कप में की थी। उन्होंने सिर्फ 10 रन देकर 4 विकेट लिए थे।

### इधर, पापुआ न्यू गिनी से हारते-हारते बची वेस्टइंडीज

2 बार की चैंपियन वेस्टइंडीज के इस रन चेज ने टूर्नामेंट के पिछले सीजन के उस मैच की याद दिला दी, जब विंडीज को राउंड-1 ग्रुप बी के मुकाबले में जिम्बाब्वे ने 31 रन से हरा दिया था। जिम्बाब्वे ने 153 रन का स्कोर डिफेंड किया था। एक छण के लिए ऐसा लगा कि पापुआ न्यू गिनी भी रविवार को 19 अक्टूबर 2022 को हॉबर्ट में बने उस इतिहास को दोहराने वाली है। हालांकि, रोस्टन चेज और आंद्रे रसेल की जो?ी ने 18 बॉल पर नाबाद 40 रन की साझेदारी करके टीम की नौया पार लगाई। गयाना में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। पापुआ न्यू गिनी ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 136 रन बनाते हुए 137 रन का टारगेट दिया था। रन चेज में मजबूत शुरुआत के बाद विंडीज ने मिडिल ओवर्स में स्लो बैटिंग की। टीम ने 45 रन बनाने में 4 विकेट गंवा दिए थे। 137 रन चेज कर रही वेस्टइंडीज दूसरे ओवर की पहली बॉल पर जॉनसन चार्ल्स (0 रन) का विकेट गंवा दिया था। इसी ओवर में ऐली नाओ की चौथी बॉल निकोलस पूरन के पैट पर लगी, अपील भी हुई, लेकिन फील्ड अंपायर ने अपील खारिज कर दी। लेकिन पापुआ न्यू गिनी के कप्तान असद वाला ने डीआरएस नहीं लिया। बाद में रिप्ले से पता चला कि पूरन एलबीडब्ल्यू थे, यदि वाला डीआरएस ले लेते तो पूरन आउट हो जाते।

#### ताइवान ओपन 2024

## भारत के डीपी मनु को भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक



### 81.58 मीटर का थ्रो फेंका पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने पर नजर

**ताइपे, ताइवान, एजेंसी**

भारत के डीपी मनु ने ताइवान ओपन 2024 में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में 81.58 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। फेडरेशन कप के रजत पदक विजेता ने 78.32 मीटर के थ्रो के साथ शुरुआत की। हालाकि, 24 वर्षीय भारतीय एथलीट ने खिताब जीतने के लिए तीसरे, पांचवें और छठे थ्रो में धीरे-धीरे सुधार किया। उन्होंने अपने छठें और आखिरी प्रयास में 81.58 मीटर के थ्रो के साथ जीत हासिल की। ताइवान ओपन विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर के लिहाज से एक ब्रांज लेवल का आयोजन है और महत्वपूर्ण रैंकिंग अंक प्रदान करता है। मनु को अभी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना शेष है। इसके लिए क्वालीफिकेशन मार्क 85.50 मीटर है। डीपी मनु को हाल ही में फेडरेशन कप 2024 में स्वर्ण पदक मुकाबले में ओलंपिक और विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा से हार का सामना करना पड़ा था।

## बैडमिंटन में त्रिषा-गायत्री हारे

**सिंगापुर, एजेंसी**

त्रिषा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय महिला युगल बैडमिंटन जोड़ी को यहां सिंगापुर ओंपन के सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में चौथे नंबर पर काबिज जापान की मत्सुयामा और चिहारू शिदा की जोड़ी ने भारतीय जोड़ी को 23-21, 21-11 से हराया और फाइनल में जगह पक्की की। बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 में त्रिषा और गायत्री का यह पहला सेमीफाइनल था। अब भारतीय जोड़ी इंडोनेशिया ओपन टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करेगी।

## रूस के आंद्रे रुबलेव को तीसरे दौर में इटली के माटियो आर्नाल्डी ने हरा दिया

**फ्रेंच ओपन टेनिस बड़ा उलटफेर**

**पेरिस, एजेंसी**

महिला एकल के बाद पुरुष एकल में भी दिग्गज खिलाड़ियों को उलटफेर का शिकार होना पड़ रहा है। रूस के छठी वरीय खिलाड़ी आंद्रे रुबलेव को पुरुष एकल के तीसरे ही दौर में इटली के गैरवरीय खिलाड़ी माटियो आर्नाल्डी के हाथों 6-7, 2-6, 4-6 से हार झेलनी पड़ी। इस हार से रुबलेव इतना भड़क उठे कि उन्होंने अपने रैकेट को कोर्ट पर पटक दिया। इस कारण उन्हें चेयर अंपायर से चेतावनी भी मिली। हालांकि बाद में रुबलेव ने अपने किए पर माफी मांग ली।

**अब सिटसिपास से भिड़ंत -** पहली बार फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में पहुंचने वाले माटियो का सामना अब यूनान के नौवीं वरीय खिलाड़ी स्टेफानोस सिटसिपास से होगी। यूनानी खिलाड़ी ने चीन के झेंग झिझेन को सीधे सेटों में 6-3, 6-3, 6-1 से शिकस्त दी थी।

**महिला एकल में रिबाकिना अंतिम-16 में -** यूक्रेन की चौथी वरीय खिलाड़ी एलिना रिबाकिना ने जीत की लय कायम रखते हुए प्री-क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। रिबाकिना ने तीसरे दौर के मुकाबले में स्पेन की 25वीं वरीय एलिस मर्टेंस को 6-4, 6-2 से शिकस्त दी।



## फ्रेंच टॉप-16 के पहले दो राउंड में जीते, अर्जुन एरिगैसी फिडे लाइव रैंकिंग में पांचवें नंबर पर

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारतीय शतरंज ग्रैंड मास्टर अर्जुन एरिगैसी ने फ्रेंच टॉप-16 क्लब चैंपियनशिप में शानदार शुरुआत के बाद शुक्रवार को लाइव फिडे रैंकिंग में शीर्ष-5 में पदार्पण किया। वारंगल के रहने वाले 20 वर्षीय अर्जुन ने पहले दो राउंड में हमवतन पेंटाला हरिकृष्णा और जर्मनी के विटाली कुनिन को हराया। नतीजन उनकी लाइव रेटिंग 2667.5 है। वह दुनिया के चौथे नंबर के इयान नेपोमनियाचची से बस कुछ अंक पीछे हैं। फिडे कंडिडेट्स विजेता डी गुकेश 2763 रेटिंग के साथ सातवें स्थान पर फिसल गए हैं। पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वाथन आनंद 2749 रेटिंग के साथ 11वें जबकि आर प्रग्गनानंदा 2748.9 रेटिंग के संग एक स्थान के सुधार के साथ 13वें स्थान पर हैं।





**मेट्रो बाजार**

## देश में आया 44.43 अरब डॉलर का विदेशी निवेश

**नईदिल्ली, एजेंसी**

दुनियाभर में आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच देश में 2023-24 के दौरान 44.43 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आया। हालांकि, यह सालाना आधार पर 3.5 फीसदी कम है। इस दौरान भारत को सिंगापुर से सबसे ज्यादा 11.77 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश मिला। इसके बावजूद यह 2022-23 की तुलना में 31.55 फीसदी कम है। आंकड़ों के मुताबिक, 2023-24 के दौरान सिंगापुर, मॉरीशस, अमेरिका, ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), केमैन आइलैंड, जर्मनी और साइप्रस सहित प्रमुख देशों से एफडीआई इक्विटी निवेश में कमी आई। हालांकि, नीदरलैंड और जापान से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़ा है। वित्त वर्ष 2018-19 से सिंगापुर, भारत के लिए एफडीआई का सबसे बड़ा स्रोत रहा है। 2017-18 में भारत ने मॉरीशस से सबसे ज्यादा एफडीआई आकर्षित किया था। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत-मॉरीशस कर संधि में संशोधन के बाद सिंगापुर, भारत में निवेश के लिए पसंदीदा क्षेत्र के रूप में उभरा है। 2024-25 में भारत में एफडीआई में तेजी आएगी। डेलॉय इंडिया की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने कहा, हाल ही में रीट विनियमन



2014 में संशोधन जैसी भारत की पहल ने सिंगापुर स्थित निवेशकों के लिए नए अवसर पैदा किए हैं। आंकड़ों के मुताबिक, भारत में एफडीआई के मामले में मॉरीशस दूसरे स्थान पर रहा। हालांकि, मॉरीशस से निवेश 7.97 अरब डॉलर से घटकर 2023-24 में 6.13 अरब डॉलर रह गया।

## अदाणी पोर्ट्स ने तंजानिया में रखे कदम


**नईदिल्ली, एजेंसी**

अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी अदाणी इंटरनेशनल पोर्ट्स होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड (एआईपीएच) ने एक रियायत समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। बताया गया है कि एआईपीएच ने तंजानिया बंदरगाह प्राधिकरण के साथ 30 साल के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौते के तहत एआईपीएच अगले 30 वर्षों तक तंजानिया के दार-एस-सलाम बंदरगाह पर कंटेनर टर्मिनल-2 के परिचालन और प्रबंधन करेगी। बता दें कि दार-एस-सलाम एक ऐसा बंदरगाह है जो सड़क और रेलवे के एक अच्छे नेटवर्क से भी जुड़ा हुआ है। इस समझौते के साथ ही अदाणी पोर्ट्स ने तंजानिया में भी कदम रख लिया है। एपीएसईजेड ने कहा है कि अदाणी पोर्ट्स के नेतृत्व वाला समूह तंजानिया में एक परियोजना कंपनी का अधिग्रहण करेगा। 3.95 करोड़ डॉलर में कंपनी का अधिग्रहण किया जाएगा। आगे बताया गया है कि ईस्ट अफ्रीका गेटवे लिमिटेड (ईएजीएल) को एआईपीएच, एडी पोर्ट्स ग्रुप और ईस्ट हार्बर टर्मिनल्स लिमिटेड (ईएचटीएल) के संयुक्त उद्यम के रूप में शामिल किया गया है। इसमें एपीएसईजेड मुख्य शेयरधारक होगा। समझौते की खास बातें एपीएसईजेड के बयान के अनुसार ईएजीएल ने




तंजानिया इंटरनेशनल कंटेनर टर्मिनल सर्विसेज लिमिटेड (टीआईसीटीएस) में 95 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए हचिसन पोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड और हार्बर्स इन्वेस्टमेंट लिमिटेड से 3.95 करोड़ डॉलर समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। एपीएसईजेड के प्रबंध निदेशक करण अदाणी ने कहा कि दार-एस-सलाम बंदरगाह पर कंटेनर टर्मिनल-2 के लिए समझौते पर हस्ताक्षर बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने कहा 'अब हम अपने बंदरगाहों और पूर्वी अफ्रीका के बीच व्यापार और आर्थिक सहयोग बढ़ाने में सक्षम होंगे।'

**मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना**




## 'कान' में प्रतीक ने पहना था मां की साड़ी से बना सूट, डिजायनर ने किया खुलासा

अभिनेता प्रतीक बब्बर हमेशा लीक से हटकर फैसले लेते हैं। इन दिनों वे अपने कान फिल्म फेस्टिवल के लुक्स की वजह से सुर्खियां बटोर रहे हैं। अपनी दिवंगत मां स्मिता पाटिल की फिल्म 'मंथन' की स्क्रीनिंग में शामिल होने के लिए अभिनेता कान पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने जो सूट पहना था वह उनकी मां की साड़ियों से तैयार किया गया था। अभिनेता प्रतीक बब्बर खुद को अपनी दिवंगत मां स्मिता पाटिल के बेहद करीब पाते हैं। हाल ही में संपन्न हुए कान फिल्म फेस्टिवल में वे अपनी मां की कांजीवरम साड़ियों से बने सूट-पैंट कॉम्बो में नजर आए। अब इस शूट के डिजायनर राहुल विजय ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल से एक पोस्ट साझा करते हुए इस बात की जानकारी को साझा किया है। राहुल विजय ने प्रतीक की तस्वीरों को साझा करते हुए लिखा है, 'जब प्रतीक ने मुझे फोन किया था और बताया तह कि वे अपनी मां की फिल्म 'मंथन' के भारतीय प्रीमियर का हिस्सा बनने जा रहे हैं और इसके लिए वे कुछ खास पहनना चाहते हैं। तभी मैंने सोचा था कि मैं उनके लुक को स्मिता पाटिल की शैली से मिलाने की कोशिश करूंगा। हां ये मेरे लिए काफी मुश्किल होने वाला था। राहुल विजय अपनी बात जारी रखते हुए कहते हैं, इसके लिए प्रतीक की आंटी ने मेरी मदद की। उन्होंने मुझे स्मिता पाटिल की दो रेशम कांजीवरम साड़ी दिया।

## मिस्टर एंड मिसेज माही की कमाई में हल्का सुधार, श्रीकांत-भैया जी का बुरा हाल

वीकएंड पर सिनेमाघरों में दर्शकों की काफी भीड़ होती है। इन दिनों सिनेमाघरों में फिल्मों की बहार आई हुई है। 'मिस्टर एंड मिसेज माही', 'छोटा भीम एंड द कर्स ऑफ दमयान' और दिव्या खोसला की 'सावी' शामिल है। इन फिल्मों के आते ही राजकुमार राव की श्रीकांत और मनोज बाजपेयी की भैया जी सिनेमाघरों को अलविदा कहने की तैयारी कर रहे हैं। राजकुमार राव की फिल्म श्रीकांत भले ही बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई करने में असफल रही हो, लेकिन अभिनेता की फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाने में कामयाब हो रही है। इस फिल्म में अभिनेता के साथ जान्हवी कपूर भी स्क्रीन साझा कर रही हैं। फिल्म ने तीसरे दिन 4.83 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है, इस तरह फिल्म ने अब तक कुल 16.28 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। फिल्म सावि की ओपनिंग काफी निराशाजनक रही है। दिव्या खोसला की फिल्म ने तीसरे दिन महज 26 लाख रुपये की कमाई की है, इस तरह फिल्म ने अब तक 73 लाख रुपये की कमाई कर ली है। फिल्म 'सावि' एक पत्नी के अपने पति को जेल की ऊंची ऊंची दीवारों से मुक्त कराने की मुहिम के साथ शुरू होती है और उसे अस्पताल से भगाने की कोशिशों के साथ औंधे मुंह आकर गिरती है। फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही से पहले राजकुमार राव की एक और फिल्म श्रीकांत दर्शकों के मनोरंजन के लिए लगी हुई है। यह फिल्म श्रीकांत बोला की बायोपिक है।

## बेहद फिल्मी है बॉलीवुड के 'शहंशाह' और 'गुड्डी' की प्रेम कहानी, सादगी से हुई थी शादी



बॉलीवुड में जहां रिश्तों की मियाद काफी कम मानी जाती है, अगर ऐसे में वहां दो बड़े स्टार्स की शादी 50 से अधिक साल तक टिक जाए तो इसे एक उपलब्धि के तौर पर देखा जाना चाहिए। आज हम बॉलीवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन और उनकी सुपर स्टार पत्नी जया भादुड़ी के बारे में बात कर रहे हैं। दोनों आज अपनी शादी की सालगिरह मना रहे हैं। चलिए आपको अमिताभ और जया की लव स्टोरी के बारे में कुछ ऐसी बातें बताते हैं जो शायद कम ही लोगों को पता होगी बॉलीवुड के पॉवर कपल अमिताभ बच्चन और जया बच्चन की लव स्टोरी की शुरुआत साल 1970 में हुई थी। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो जया ने अमिताभ बच्चन को पुणे फिल्म इंस्टीट्यूट में तब पहली बार देखा और उन्हें देखते ही उनपर दिल हार बैठी थीं। जिन दिनों जया ने पहली बार अमिताभ बच्चन को देखा था उन दिनों वे पहले से स्टार थीं और अमिताभ तब स्ट्रगल ही कर रहे थे। एक इंटरव्यू के दौरान अमिताभ बच्चन ने खुद खुलासा किया था कि जब उन्होंने एक मैगजीन की कवर पर पहली बार जया को देखा था तभी उन्हें अभिनेत्री से प्यार हो गया था। अमिताभ को जया की आंखें पसंद आई थीं। अमिताभ और जया एक-दूसरे को पसंद करने लगे थे। उन्हीं दिनों दोनों की फिल्म 'जंजीर' बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रही थी। दोनों एक साथ छुट्टी मनाने के लिए लंदन जाना चाहते थे। यह बात अमिताभ बच्चन के पिता जी को पसंद नहीं आई। उन्होंने कहा अगर छुट्टी मनाने जाना है तो पहले शादी कर लो फिर जाना। बस फिर क्या था चट मंगनी-पट ब्याह के तर्ज पर अमिताभ और जया की शादी हो गई। सूत्रों की मानें तो इस शादी में केवल पांच बाराती शामिल हुए थे। अमिताभ बच्चन और जया बच्चन आज भी एक-दूसरे से प्रेम करते हैं और एक-दूसरे को काफी सम्मान भी देते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो कई बार अमिताभ का नाम एक अन्य अभिनेत्री के साथ जोड़ा गया, लेकिन इस बात से दोनों के रिश्तों पर कोई फर्क नहीं पड़ा। आज अमिताभ और जया अपने भरे-पूरे परिवार के साथ एक खुशहाल जिंदगी बिता रहे हैं।

### तीन दिन की रिमांड खत्म, पत्नी की हत्या कर उसे तलाश करने की नौटंकी करता रहा हत्यारा

# पत्नी की हत्या कर लाश जलाकर दफन करने वाला हत्यारा आज जाएगा जेल



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** ईटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित गांव पतलोन में चरित्र संदेह और दो महीने की बच्ची की गर्म पानी से जलने से मौत को लेकर गुस्साए पति नदीम ने अपनी 21 साल की पत्नी सानिया की गला घोंटकर हत्या कर दी थी। हत्या के बाद आरोपी ने उसकी लाश जलाकर दफन भी कर दी। उक्त मामले में ईटखेड़ी पुलिस ने उसे तीन दिन के रिमांड पर लिया था।

आज सोमवार को रिमांड की अवधि खत्म होने पर उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा। रिमांड के दौरान ने आरोपी से शुरू से लेकर हत्याकांड तक की कहानी उसके बयान में दर्ज की है। इसके अलावा आरोपी से यह भी पता लगाने का प्रयास किया गया कि हत्याकांड में किसी अन्य आरोपी की संलिप्तता तो नहीं थी। पूछताछ में आरोपी ने बताया है कि पत्नी की हत्या करने की कोई योजना नहीं थी। वह साथ रखने के लिए उसे अपने साथ ले गया था लेकिन फिर वहां विवाद होने लगा और गुस्से में आकर उसने हत्या कर दी।

#### पुलिस के सामने तलाशने का नाटक


पुलिस ने बताया कि ईटखेड़ी के ग्राम पतलोन परेवाखेड़ा में रहने वाले नदीम उद्दीन ने विगत 21 मई की रात अपने घर पर पत्नी सानिया खान (21) की गला घोंटकर हत्या कर दी थी। हत्या करने से पहले चरित्र संदेह और मासूम बेटी की गर्म पानी से जलने से हुई मौत को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के दौरान उसने सानिया से जमकर मारपीट की थी। सानिया के बेसुध होते ही उसने गला घोंटकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद आरोपी शव को लेकर चादर में लपेटकर अपने ऑटो से अरवलिया स्थित कचरा खंती ले गया था। कचरा जमा कर उसने सानिया का शव जला दिया। शेष बचा अधजला हिस्सा आरोपी ने वहीं गड्ढा खोदकर दबा दिया था। पुलिस ने बताया कि पत्नी की हत्या करने के बाद आरोपी नदीम पत्नी के परिजनों के साथ मिलकर उसे खोजने की नौटंकी करता रहा। इस बीच वह रोजाना की तरह अपना ऑटो भी चलाता रहा ताकि किसी को संदेह न हो।

#### गलती नहीं मानती थी सानिया

आरोपी नदीम उर्फ मुन्ना ने पुलिस को बताया कि करीब ढाई माह पूर्व सर्दियों में पानी गर्म करते समय गर्म पानी गिरने से उसकी दो माह की बेटी की मौत हो गई थी। उसमें सानिया अपनी गलती नहीं मान रही थी। इसी बात को लेकर भी दोनों के बीच झगड़े होते थे। घटना के समय भी इस बात लेकर विवाद हुआ था। नदीम का कहना था कि बच्ची की मौत के मामले में वह अपनी गलती मान ले लेकिन सानिया अपनी गलती मानने को तैयार नहीं हुई।

## शराब माफिया पर कार्रवाई, दो तस्कर गिरफ्तार 8 पेटी शराब और पल्सर जब्त

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**





गोविंदपुरा पुलिस ने शराब माफिया के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 8 पेटी देशी शराब और वारदात में इस्तेमाल पल्सर जब्त की है। आरोपियों ने एक दिन पहले इलाके में शराब बेचने का विरोध करने पर वाले एक व्यक्ति के साथ गंभीर रूप से मारपीट की थी। पुलिस के मुताबिक रविवार को इलाका भ्रमण के दौरान सूचना मिली कि बरखेड़ा पठानी अस्सी फीट रोड स्थित बस स्टाप के पास मौजूद दो युवकों के पास अवैध रूप से शराब रखी हुई है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों को दबोच लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपने नाम कुनाल चिड़ार (20) निवासी बरखेड़ा पठानी और अभिषेक चौकसे निवासी शांति नगर बरखेड़ा पठानी बताया। दोनों के पास पल्सर बाइक पर रखी आठ पेटी देशी शराब जब्त की गई। जब्त शराब और पल्सर बाइक की कीमत पुलिस ने 78 हजार रुपए हैं। आरोपियों ने अवैध शराब बेचने का विरोध करने वाले एक व्यक्ति के साथ शनिवार की रात जमकर मारपीट की भी थी। घायल व्यक्ति का अस्पताल में इलाज चल रहा है। उसके बाद से पुलिस दोनों तस्करों की तलाश में जुटी हुई थी।

## बगल में सोते रहे साथी, अधेड़ फर्नीचर गारीगर की हो गई मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित गैमन इंडिया प्रोजेक्ट के पीछे फर्नीचर के कारीगर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह मजदूरों के लिए बनाए गए टीनशेड में अपने साथियों के साथ सो रहा था। पड़ोस में उसका साथी था, लेकिन उसे पता नहीं चला। सुबह जब नींद खुली तो कारीगर की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद साथियों को सौंप दिया है। वह शव लेकर बंगाल के लिए निकल गए है। पुलिस के अनुसार अमर मन्ना पिता तारप मन्ना (51) मूलतः बंगाल का रहने वाला था। यहां वह अपने चार साथियों के साथ गैमन इंडिया के पीछे बने टीनशेड में रह रहा था। अमर और उसके साथी फर्नीचर का काम करते हैं। अमर की तबीयत ठीक नहीं थी। साथियों को उसने बताया और साथियों ने उसे आराम करने की सलाह दी। शाम को साथी काम करने के बाद टीनशेड में पहुंचे थे और अमर ने दवाइयां खाई और सो गया। रात करीब ढाई तीन बजे के आसपास अमर के साथी की नींद खुली तो अमर मन्ना कुछ कह रहा था। साथी को लगा कि अमर की तबीयत ठीक नहीं है और वह नींद में बड़बड़ा रहा होगा। साथी की नींद सुबह खुली तो उसने देखा अमर मन्ना का शरीर अकड़ गया और कोई हलचल नहीं हो रही है। इसके बाद पुलिस को सूचना दी थी।

## घर के सामने खड़े रहने से मना किया तो आरोपियों ने पिता-पुत्र से की मारपीट, बेटे पर चाकू से हमला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित अंत्योदय ईडब्ल्यूएस में घर के सामने खड़े रहकर नशे करने और गालीगलौज करने से मना करने पर तीन बदमाशों ने पिता पुत्र के साथ मारपीट कर दी। इतना ही नहीं आरोपिये ने उनके घर पर पथराव और गेट पर चाकूबाजी की थी। आरोपियों को समझाइश देने पिता पुत्र बाहर निकले तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और पुत्र पर चाकू से हमला कर दिया। रविवार रात हुई इस चाकूबाजी में पुत्र को गंभीर चोट आई है। उसका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मारपीट और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार 42 साल के आसिफ खान अंत्योदय नगर ईडब्ल्यूस 12 में रहते हैं और प्राइवेट काम करते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उनके घर के सामने अफताब, अमन और आदिल खड़े रहते हैं। देर रात तक यहां खड़े रहकर वह नशे करते हैं और आपस में गालीगलोज भी करते हैं। आसिफ ने उन्हें पूर्व में कई बार समझाइश दी, लेकिन वह मानने को तैयार नहीं है। बीती रात करीब सवा 10 बजे आरोपी फिर उनके घर के सामने चौपाल लगाकर बैठ गए। आरोपी नशे करते हुए एक दूसरे से गालीगलौज कर रहे थे। इस पर आसिफ ने उन्हें समझाया तो विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर आरोपी वहां से चले गए और कुछ ही देर बाद लौटकर हंगामा करने लगे। वह आसिफ खान के बंद गेट पर पथराव और चाकूबाजी करने लगे। आसिफ और उनका बेटा सेफ खान बाहर आया और उन्हें समझाइश देने की कोशिश की तीनों ने आसिफ और उनके बेटे सेफ से मारपीट करते हुए सेफ पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू सेफ को गर्दन के पास बाएं हाथ और पेट पर लगा है। पुलिस ने आसिफ खान की शिकायत पर अफताब, अमन और आदिल के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित अंत्योदय नगर में तीन बदमाशों ने की वारदात



## पांच दोपहिया वाहन ले उड़े बदमाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी में अलग-अलग स्थानों से पांच दोपहिया वाहन चोरी चले गए। पुलिस के मुताबिक राजीव नगर सेमरा अशोका गार्डन से ओमप्रकाश शाक्य, बंसत कुंज अयोध्या नगर से आदित्य मालवीय, जीटीबी काम्पलेक्स टीटी नगर से रावेंद्र कुमार पटेल, एमपी नगर स्थित न्यायालय के सामने से आशीष कनाडे और चिनार फार्च्यून मिसरोद से अब्दुल रज्जाक की मोटर सायकिल चोरी चली गई। इधर खजूरी सड़क थानांतर्गत ग्राम कोलूखेड़ी स्थित फार्म हाउस से चोर 24 हजार रुपए कीमत का केबिल वायर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अर्जुन अहिरवार की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## शादी से लौट रहे दंपती को कार ने मारी टक्कर, महिला की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित मीना चौराहा पर अज्ञात कार ने बाइक सवार दंपती को टक्कर मार दी। घटना गत 19 मई की है। हादसे में घायल दंपती को अस्पताल में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई, जबकि पति की हालत खतरे से बाहर है। इसीड़थाना क्षेत्र में गत दिनों बाइक आसपास में टकराने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों ही प्रकरणों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस क अनुसार चतुर बाई पति नर्मदा प्रसाद (56) आनंद नगर पिपलानी में रहती थी। गत 19 मई को वह पति के साथ शादी में शामिल होने के लिए मीना चौराहा ईंटखेड़ी गई थी। शादी से लौटते समय 19 मई की रात नर्मदा प्रसाद की बाइक को किसी अज्ञात कार ने टक्कर मार दी। इस हादसे में नर्मदा प्रसाद और उसकी पत्नी को गंभीर चोट आईड़थी। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, वहां इलाज के दौरान चतुरबाई की मौत हो गई। इधर 24 मई को गांव खामखेड़ा निवासी गोपाल सिहं की बाइक गोल खेड़ी चौराहा पर एक अन्य बाइक से टकरा गईड़थी। इस हादसे में दोनों बाइक पर सवार लोगों को गंभीर चोट आई थी। सभी को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, वहां कल रविवार देर रात इलाज के दौरान गोपाल सिंह की मौत हो गई।

## जिलाबदर बदमाश छुरी के साथ गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पुलिस ने एक जिलाबदर बदमाश को छुरी के साथ गिरफ्तार किया हैं। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के साथ ही रासुका की कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार माजिद हुसैन पुतलीघर चौराहा टीला जमालपुरा का है। उसके खिलाफ विभिन्न थानों में कुल 16 केस दर्ज हैं। आपराधिक गतिविधियों में हमेशा शामिल रहने के कारण उसके खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई की गई थी। शनिवार रात सूचना मिली कि बदमाश छुरी लेकर किड्स केयर अस्पताल के पास घूम रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

## भानपुर ब्रिज पर सिविल इंजीनियर को टक्कर मारने वाले ट्रक चालक पर मामला दर्ज

### 9 मई की देर रात हुआ था हादसा, साथी ने देखा था ट्रक पुलिस ने की पहचान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भानपुर ब्रिज पर गत 9 मई गुरुवार देर रात सिविल इंजीनियर को टक्कर मारने वाले ट्रक की पहचान कर पुलिस ने ट्रक ड्राइवर पर मामला दर्ज कर लिया है। दरअसल, घटना के समय मृतक का एक परिचित उसकी बाइक से कुछ दूरी पर था और उसने ट्रक को देख लिया था, लेकिन वह सिविल इंजीनियर की मदद करने में जुट गया, तब तक ट्रक चालक मौके से भाग निकला था। पुलिस ने ट्रक जब्त कर लिया है। आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

पुलिस के अनुसार अभिषेक राजपूत पिता दिलीप राजपूत (28) कोलुआ कलां, अशोका गार्डन में रहता था। अभिषेक ने सिविल



इंजीनियरिंग की पड़ाई की थी और इन दिनों प्रभात चौराहा के जावा बाइक शोरूम में काम कर रहा था। जावा के शोरूम राजधानी में अलग-अलग जगह है। गुरुवार देर रात कंटेनर में कंपनी की बाइक बायपास पर आई थी। अभिषेक बायपास पहुंचा और उसने बाइक अलग अलग शोरूम पर भेज दी। इसके बाद वह अपनी बुलट बाइक से भानपुर ब्रिज होते हुए घर लौट रहा था। इस दौरान ब्रिज पर पहुंचते ही उसकी बुलट बाइक को ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद ट्रक का चालक ट्रक लेकर भाग निकला। अभिषेक के साथी ने ट्रक को भागते हुए और अभिषेक का घायल अवस्था में देखा था। वह अभिषेक को अस्पताल पहुंचाने में व्यवस्त हो गया। पुलिस ने पूछताछ की और बायपास पर लगे सीसीटीवी कैमरे देखते हुए ट्रक बरामद कर लिया।

**मेट्रो एंकर** 4 जून को सुबह 6 बजे से परिवर्तित मार्ग से चलेंगे वाहन

# मतगणना के चलते पुरानी जेल के आसपास कल बदला रहेगा ट्रैफिक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** पुरानी जेल परिसर में 4 जून को लोकसभा चुनाव 2024 की मतगणना होगी। मतगणना कार्य में लगे कर्मचारियों और आमजनता की सुविधा को देखते हुए सुबह 6 बजे से जेल परिसर के आसपास ट्रैफिक व्यवस्था परिवर्तित रहेगी।

इस दौरान सीआई कालोनी, पुलिस कंट्रोल रूम तिराहा, होमगार्ड टर्निंग पाइंट एवं कोर्ट चौराहे से पुरानी जेल की ओर जाने वाले माग पर समस्त प्रकार के दोपहिया, चार पहिया, लोक परिवहन एवं अनुमति प्राप्त वाहनों का आवागमन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। मतगणना कार्य में लगे कर्मचारियों के वाहनों को ही जेल परिसर की तरफ आवागमन करने दिया जाएगा। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, मैदामिल के पास से सेंट्रल स्कूल और स्टेट आईटी की तरफ वाले रास्ते से न्यायालय एवं जेल की तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। जहांगीराबाद से एमपी नगर की ओर जाने वाले वाहन शब्बन चौराहा, जिंसी चौराहा, बोगदा पुल, प्रभात चौराहा, सुभाष फाटक ओवर ब्रिज, मैदामिल, बोर्ड ऑफिस होकर आवागमन कर सकेंगे। प्रत्याशियों एवं मतगणना अभिकर्ता के नाश्ते और भोजन व्यवस्था में लगे वाहन पुरानी जेल परिसर के मुख्य द्वार तक जा सकेंगे। शासकीय कार्यालयों के कर्मचारी कोर्ट चौराहा एवं निर्माण भवन की तरफ से आवागमन करेंगे। इस प्रकार होगी पार्किंग व्यवस्था मतगणना में लगे अधिकारी, कर्मचारियों और मीडियाकर्मियों के वाहन जेल परिसर में अपने निर्धारित स्थान पर पार्क किए जाएंगे। पुलिस कंट्रोल रूम तिराहा से मतगणना अभिकर्ता के वाहन होमगार्ड टर्निंग तक जाएंगे। इन वाहनों की पार्किंग लाल परेड मैदान एवं एमएलए रेस्ट हाउस में होगी। डीबी मॉल की तरफ से आने वाले मतगणना अभिकर्ता के वाहन कोर्ट तिराहा तक जाएंगे और वल्लभ भवन मार्ग के दोनों तरफ रिक्त स्थान पर पार्क होंगे। मतगणना में आने वाले प्रत्याशियों के वाहन जेल परिसर तक पहुंचेंगे। इन वाहनों की पार्किंग परिसर में





निर्धारित स्थान पर हो सकेगी। जहांगीराबाद तरफ से आने वाले मतगणना अभिकर्ता के वाहन पुलिस आईटीआई मैदान में पार्क होंगे। ग्रीन मिडोस कॉलोनी की तरफ से आने वाले मतगणना अभिकर्ता के वाहन बैंक कार्यालय तक आकर सड़क के दोनों ओर पार्क किए जाएंगे। ओव्ही वाहन का जेल परिसर में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। यह वाहन सॉची पार्लर के पास पार्क होंगे. वैकल्पिक पार्किंग की व्यवस्था आम जनता के वाहन आवश्यकता होने पर एमएलए रेस्ट हाउस रोड, लाल परेड ग्राउण्ड के आईटीआई ग्राउण्ड, एमवीएम मैदान में पार्क किए जाएंगे। ट्रैफिक पुलिस ने आम जनता से अनुरोध किया है कि यातायात व्यवस्था बनाने में सहयोग करें और किसी प्रकार की असुविधा होने पर यातायात दूरभाष नं. 0755-2677340, 2443850 पर सम्पर्क कर सकते हैं।







स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022